2020 से 2022

Web Portal
www.ghatatighatana.com
G.G. News

सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...

# घटती घटना

RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/रायगढ़/2020-2022

अम्बिकापुर, वर्ष 18,अंक -284 शनिवार ,20 अगस्त 2022, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये

**ज्ञान की बातें**

ऐसा व्यवहार दूसरों के साथ न करें,जो स्वयं के लिए ही प्रतिकूल हो।

-महाभारत-

## संक्षिप्त समाचार

### उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के घर पर सीबीआई का छापा,खुद ट्वीट कर दी जानकारी



**एक साथ 21 जगहों पर सर्च अभियान जारी**

**नई दिल्ली, 19 अगस्त 2022।** दिल्ली के मनीष सिसोधिया के घर पर भी छापा मारा गया है. यह छापा आबकारी घोटाले में की जा रही है। इस रेड की जानकारी देते हुए दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने ट्वीट कर कहा, 'सीबीआई आई है। उनका स्वागत है. हम कट्टर ईमानदार हैं। लाखों बच्चों का भविष्य बना रहे हैं. बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमारे देश में जो अच्छा काम करता है उसे इसी तरह परेशान किया जाता है। इसीलिए हमारा देश अभी तक नम्बर-1 नहीं बन पाया। '

साथ ही मिली जानकारी के मुताबिक सीबीआई 21 जगहों पर सर्च अभियान चला रही है, मनीष सिसोदिया के घर समेत 21 जगहों पर छापेमारी हो रही है। यह अभियान नई आबकारी पॉलिसी को लेकर है। बताया जा रहा है कि एक्ससाइज विभाग के कई अफसरों के इस सर्च में मौजूद हैं। बताते चलें कि पिछले दिनों नई शराब नीति को लेकर मनीष सिसोदिया जांच के घेरे में आ गए थे।

### आंध्र प्रदेश की फैक्ट्री में विस्फोट, दो की मौत



**अमरावती ,19 अगस्त 2022।** आंध्र प्रदेश में काकीनाडा के पास शुक्रवार को एक चीनी कारखाने में हुए विस्फोट में दो मजदूरों की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए। घटना काकीनाडा के बाहरी इलाके वकालापुडी औद्योगिक क्षेत्र में पैरी शुगर रिफाइनरी में हुई।

विस्फोट संभवतः शॉर्ट सर्किट के कारण हुआ है, जब मजदूर चीनी की बोरियों को लोड करते समय कन्वेयर बेल्ट को बिजली कनेक्शन देने की कोशिश कर रहे थे।

एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान आरवी वेंकट सत्यनारायण (36) और वी. राजेश्वर राव (45) के रूप में हुई हैं। दोनों काकीनाडा जिले के निवासी हैं।

घायलों में से एक बीवी वेंकट रमना (29) की हालत गंभीर है। उनका काकीनाडा के अपोलो अस्पताल में इलाज चल रहा है। अन्य घायलों को शहर के अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

### गुजरात में 3 अलग-अलग हादसों में 6 लोगों की मौत

**अहमदाबाद ,19 अगस्त 2022।** गुजरात में तीन अलग-अलग हादसों में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। तीनों दुर्घटनाएं गुरुवार रात की हैं। पहले हादसे में अहमदाबाद का एक परिवार अपनी कार से वटवा से वडोदरा जा रहा था। इस दौरान उनकी कार ट्रक से जा टकराई, जिससे वाहन में सवार चारों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। अहमदाबाद पुलिस ने कहा कि दुर्घटना के सही कारणों की जांच की जा रही है। पीड़ितों की पहचान जयश्री (60), उनकी बहू हितिका (40), पोती जैनी (चार) और ड्राइवर अकबर छतरी के रूप में हुई है। दूसरा हादसा अहमदाबाद में हिट एंड रन का बताया गया। पीड़ित विशाल गायकवाड़ (25) काम से घर लौट रहा था कि सामने से आ रही एक ऑडी ने चिमनभाई पुल पर उसकी बाइक को टक्कर मार दी और उसे करीब 100 मीटर तक घसीटकर ले गई।

# देश से हर हाल में निकाले जाएंगे रोहिंग्या:केंद्र सरकार

**नई दिल्ली, 19 अगस्त 2022।** भारत में अवैध रूप से रह रहे रोहिंग्याओं को केंद्र सरकार हरहाल में उन्हें उनके देश भेजने की तैयारी कर रही है। केंद्र सरकार ने कई बार स्पष्ट किया है कि अवैध प्रवासियों को भारत में शरण नहीं दी जाएगी। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने साफ तौर पर कहा है कि म्यांमार के रोहिंग्या मुसलमानों को भारतीय नागरिकता नहीं दी जाएगी।

दिल्ली के मुख्यमंत्री पर हमले तेज करते हुए अनुराग ठाकुर ने आरोप लगाया कि अरविंद केजरीवाल अवैध प्रवासियों को 'रेवड़ी' बांट रहे हैं और वोट बैंक की राजनीति के लिए देश की सुरक्षा से समझौता करने को तैयार हैं। दिल्ली सरकार राजनीतिक लाभ के लिए रोहिंग्याओं को मुफ्त में पानी, बिजली और राशन दे रही है। अब उन्हें आवास देने की योजना बना रही है।

उधर, मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि केंद्रीय गृह राज्य



मंत्री अजय कुमार मिश्रा ने उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को पत्र लिखा है। इसमें कहा गया है कि दिल्ली सरकार उस क्षेत्र को हिरासत केंद्र घोषित करने के लिए तत्काल कदम उठाए, जहां शरणार्थी रह रहे हैं।

**बांग्लादेश से वार्ता-** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि बांग्लादेश के साथ इस विषय पर बातचीत हुई है। रोहिंग्या शरणार्थियों को उनके देश भेजने के प्रयास किए जा रहे हैं बांग्लादेश में आठ लाख से अधिक रोहिंग्या शरणार्थी हैं।

**फ्लैट देने की बात पर शुरू हुआ था विवाद**

रोहिंग्या शरणार्थियों को आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए बाहरी दिल्ली के बक्करवाला में बनाए गए फ्लैट में भेजे जाने के केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी के ट्वीट के बाद सियासत शुरू हो गई. दो दिनों से भाजपा और आम आदमी पार्टी के बीच जुबानी जंग जारी है ।

### केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जारी किया स्पष्टीकरण

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा था कि रोहिंग्याओं को फ्लैट देने की कोई योजना नहीं है. दिल्ली सरकार ने रोहिंग्याओं को नए ठिकाने पर भेजने का प्रस्ताव रखा था. प्रत्यर्पण लंबित रहने तक सभी रोहिंग्या हिरासत केंद्रों में ही रहेंगे।

## कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद की कीमत 2500 करोड़ रुपये है,कांग्रेस नेता का सनसनीखेज दावा

**बेंगलुरु, 19 अगस्त 2022।** कर्नाटक में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले विपक्षी कांग्रेस अक्रामक तेवर दिखा रही है। कर्नाटक विधान परिषद में विपक्ष के नेता कांग्रेस के बीके हरिप्रसाद ने शुक्रवार को कहा कि मुख्यमंत्री पद बहुत महंगा मामला है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने सीएम पद की कीमत 2,500 करोड़ रुपये बताई थी।

एनडीटीवी की रिपोर्ट के मुताबिक, उन्होंने कहा, ÷मुख्यमंत्री पद के लिए बहुत अधिक उम्मीदवार खड़े हैं और इसमें बड़ी रकम भी शामिल है। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता के अनुसार, किसी को भी (सीएम पद के लिए) 2,500 करोड़ रुपये खर्च करना होगा।÷ बता दें कि



बसवराज बोम्मई को मुख्यमंत्री पद से हटाए जाने की अटकलें एक महीने से ज्यादा समय से लगाई जा रही हैं। हालांकि यह पहली बार है जब किसी विपक्षी नेता ने यह आरोप लगाया कि सीएम पद के लिए कीमत चुकानी पड़ती है।

दरअसल कांग्रेस नेता का इशारा भाजपा विधायक बसनगौड़ा पाटिल यतनाल की तरफ था। यतनाल ने इसी साल मई में दावा किया था कि कुछ लोगों ने उनसे संपर्क कर 2,500 करोड़ रुपये में राज्य के मुख्यमंत्री पद की पेशकश की। हालांकि उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया था लेकिन कहा कि धोखाधड़ी करने वाली कुछ कंपनियां ऐसा करती हैं। यतनाल ने कहा, 'राजनीति में एक बात जान लीजिये, झांसे में मत आइए। राजनीति में कई चोर मिलेंगे जो टिकट दिलाने, दिल्ली ले जाने, सोनिया गांधी, जेपी नड्डा से मिलवाने की बात कहते हैं। उन्होंने मेरे जैसे लोगों के साथ ऐसा किया है।' उन्होंने कहा, 'कुछ लोगों ने दिल्ली से मेरे पास आकर कहा कि वे मुझे मुख्यमंत्री बनवाएंगे और मुझे केवल 2500 करोड़ रुपये की व्यवस्था करनी है।'

## मंकीपॉक्स की जांच के लिए पहला स्वदेशी किट लॉन्च,सामने आ चुके हैं कुल 10 मामले

**विशाखापट्टनम, 19 अगस्त 2022।** मंकीपॉक्स की जांच करने के लिए पहला स्वदेशी निर्मित आरटी पीसीआर किट आंध्र प्रदेश के मेडटेक जोन में शुक्रवार को पेश किया गया। इस किट को ट्रांस एशिया बायो मेडिकल्स की ओर से विकसित इस किट को केंद्र सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार अजय कुमार सूद ने लॉन्च किया। ट्रांस एशिया एरबा मंकीपॉक्स आरटी पीसीआर किट बेहद संवेदनशील लेकिन इस्तेमाल करने में आसान है।

इस साल मंकीपॉक्स के कारण दुनिया में सबसे अधिक मौतें



अफ्रीका महाद्वीप में हुई हैं। अफ्रीका में कुल 3,232 मामले दर्ज किए गए हैं और 105 लोगों की मौत हुई है। हालांकि केवल एक हिस्से की ही पुष्टि की गई है क्योंकि महाद्वीप में पर्याप्त नैदानिक संसाधनों का अभाव है। भारत में अब तक मंकीपॉक्स के 10 मामले सामने आ चुके हैं। ट्रांस एशिया बायो मेडिकल्स की ओर से विकसित इस किट को केंद्र सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार अजय कुमार सूद ने लॉन्च किया।

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद मंकीपॉक्स रोगियों के संपर्क में आए लोगों में एंटीबॉडी की उपस्थिति की जांच करने के लिए एक सीरो-सर्वेक्षण कर सकती है। इसके साथ ही आईसीएमआर यह भी पता लगा सकती है कि उनमें से कितनों में संक्रमण के लक्षण नहीं थे। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अभी तक यह पता नहीं चल सका है कि ऐसे लोगों का अनुपात कितना है जिनमें वायरल संक्रमण के लक्षण नहीं दिखे हैं।

## सेल बढ़ाने के लिए डोलो ने दिए 1000 करोड़ के गिफ्ट! सुप्रीम कोर्ट के जज को भी दिया ऑफर

**नई दिल्ली, 19 अगस्त 2022।** अपनी बनाई दवाएं लिखने के लिए राजी करने के लिए फार्मा कंपनियां लंबे समय से डॉक्टरों को गिफ्ट देती आ रही हैं, लेकिन अब ये मामला इतना बढ़ गया है कि सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई की जा रही एक याचिका में कहा गया है कि गिफ्ट देने वाली फार्मा कंपनियों को अब इसके लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। याचिका में उदाहरण के लिए बुखार के लिए उपयोग होने वाली एक टैबलेट डोलो-650 का हवाला दिया गया और कहा गया है कि इसको बनाने वाली कंपनी ने केवल फ्री गिफ्ट में 1000 करोड़ रुपये खर्च किया है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस एएस बोपन्ना की पीठ ने इसे 'गंभीर



मामला' बताया और केंद्र सरकार से 10 दिनों के भीतर जवाब दाखिल करने को कहा है। न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि 'ऐसी बात सुनना अच्छा नहीं लगता है। यहां तक ??कि मुझे भी वही दवा लेने के लिए कहा गया था, जब मुझे कोविड था। यह एक गंभीर मामला है। सुप्रीम कोर्ट में ये याचिका फेडरेशन ऑफ मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने दायर की थी। फेडरेशन की ओर से पेश वरिष्ठ वकील संजय पारिख ने कहा कि डोलो ने डॉक्टरों को गिफ्ट देने में 1000 करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च किया जिससे वे दवा की सेल को बढ़ावा दें।

याचिका में कहा गया है कि इन तरीकों से न केवल दवाओं का ज्यादा उपयोग होता है, बल्कि यह रोगियों के स्वास्थ्य को भी खतरे में डाल सकता है। इस तरह का भ्रष्टाचार बाजार में महंगी या बेकार दवाओं की खपत को भी बढ़ाता है। याचिका में कहा गया है कि मौजूदा नियमों की स्वैच्छिक प्रकृति के कारण फार्मा कंपनियों का अनैतिक व्यवहार फल-फूल रहा है। यहां तक कि कोविड महामारी के दौरान भी ऐसे कई मामले सामने आए थे।

**लड़कियों के बॉयफ्रेंड बदलने वाले बयान पर कांग्रेस ने जताई आपत्ति**

## पीसी शर्मा बोले-यह महिलाओं का अपमान,कैलाश विजयवर्गीय मांगे माफी

**भोपाल, 19 अगस्त 2022।** बिहार में नई सरकार के गठन पर बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने टिप्पणी की है. कैलाश विजयवर्गीय ने सीएम नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए कहा था कि बिहार की सरकार ऐसे बदली है, जैसे विदेश में लड़कियां कभी भी बॉयफ्रेंड बदल लेती हैं. अब इस पर कांग्रेस ने आपत्ति दर्ज करते हुए बयान को महिलाओं का अपमान बताया है.

**कैलाश विजयवर्गीय ने किया महिलाओं का अपमान- कांग्रेस**

कैलाश विजयवर्गीय के बयान पर पूर्व कानून मंत्री पीसी शर्मा ने



पलटवार किया है. उन्होंने कहा कि कैलाश विजयवर्गीय ने गर्लफ्रेंड-बॉयफ्रेंड वाला गलत बयान दिया है. यह महिलाओं का अपमान है. कैलाश विजयवर्गीय महिलाओं से माफी मांगे.

**गर्लफ्रेंड अपना बॉयफ्रेंड बदल लेती है- कैलाश**

राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने कल मीडिया से बातचीत करते हुए कहा था कि जिस दिन बिहार की सरकार बदली मैं विदेश में था. उन्होंने कहा कि अमेरिका में लोग बोले कि ऐसा तो हमारे यहां होता है. गर्लफ्रेंड अपना बॉयफ्रेंड बदल लेती है. ऐसे ही ही नीतिश जी ने नया साथ चुन लिया.

**बिहार में महागठबंधन**

बता दें कि बिहार में नीतीश कुमार ने भारतीय जनता पार्टी छोड़ दी और अब लालू यादव की पार्टी राजद के साथ मिलकर सरकार बनाई है. इस महागठबंधन सरकार में कुल 7 छोटी-बड़ी पार्टियां शामिल हैं. इस सरकार में नीतीश सीएम बने हैं. जबकि तेजस्वी यादव डिप्टी सीएम हैं. सरकार में कुल 31 मंत्री बनाए गए हैं. जिसकी शपथ भी ले ली गई है. नीतीश की इस नई सरकार का 24 अगस्त को विधानसभा में फ्लोर टेस्ट होना है.

**मवेशी तस्करी मामलाः**

## अनुब्रत की राइस मिल में सीबीआई का छापा,महंगी कारें बरामद

**कोलकाता, 19 अगस्त 2022।** पशु तस्करी मामले में गिरफ्तार तृणमूल के बाहुबली नेता अणुब्रत मंडल की बोलपुर स्थित भोले बम राइस मिल में सीबीआई की टीम ने छापेमारी की। यहां पर पर टीम को पांच महंगी कारें मिली हैं। बताया जा रहा है कि इनमें से एक कार पर बंगाल सरकार का स्टीकर लगा हुआ है। सारी गाड़ियां सीबीआई की टीम अपने साथ लेकर आई है।

बताया जा रहा है कि छापेमारी में अहम दस्तावेज भी मिले हैं। इस राइस मिल में अनुब्रत की दिवंगत पत्नी की हिस्सेदारी 50 प्रतिशत और बेटी सुकन्या की हिस्सेदारी 50





प्रतिशत है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, जब राइस मिल में छापेमारी के लिए सीबीआई की टीम पहुंची, तो दरवाजा बंद कर दिया गया और घुसने रोक दिया गया।

सीबीआई के अधिकारियों ने चेतावनी दी कि अगर दरवाजा नहीं खुला, तो तोड़ दिया जाएगा। तब जाकर दरवाजा खोला गया। इसके बाद सीबीआई की टीम ने मिल के तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान सीबीआई की टीम ने वहां काम करने वाले कर्मचारियों से पूछताछ की।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2011के बाद अनुब्रत मंडल ने यह राइस मिल हराधन मंडल से खरीदी थी। इस मिल में 50 फीसदी हिस्सेदारी अनुब्रत मंडल की दिवंगत पत्नी छवि मंडल की है। 50 प्रतिशत हिस्सा सुकन्या मंडल के नाम पर है। कर्मचारियों ने यह भी कहा कि अनुब्रत इस चावल मिल में नियमित रूप से आते थे। बताया जा रहा है कि अनुब्रत मंडल की गिरफ्तारी के बाद से राइस मिल में काम बंद है।

## जीएसटी रैकेट का भंडाफोड़,41 करोड़ की फर्जी बिल मिले

**मुंबई 19 अगस्त 2022।** बड़ी खबर महाराष्ट्र के मुंबई से आ रही है। खबर के अनुसार, यहां सीजीएसटी के मुंबई स्थित भिवंडी आयुक्तालय की टीम ने आज इनपुट टैक्स क्रेडिट पाने के लिए फर्जी बिलों के आधार पर दावा करने वाले एक बड़े गिरोह का भंडाफोड़ किया है। आरंभिक रूप से 41 करोड़ के फर्जी बिलों के आधार पर 18 करोड़ के आईटीसी का पता चला है। मामले में एक फर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

सीजीएसटी भिवंडी के आयुक्त सुमित कुमार ने बताया कि यह गिरोह नकली जीएसटी चालान के जरिए इनपुट टैक्स क्रेडिट का फायदा उठाने में जुटा था। इस गिरोह से जुड़ी एक फर्म ने 14.30 करोड़ रुपये के फर्जी बिलों के माध्यम से 2.57 करोड़




रुपये के आईटीसी का लाभ उठाया था। मामला पकड़ में आते ही फर्म के मालिक को गिरफ्तार कर लिया गया।

जिस फर्म के कर्ताधर्ता को दबोचा गया है, उसका नाम मेसर्स विश्वकर्मा एंटरप्राइजेज है। उसने 14.30 करोड़ रुपये के फर्जी चालान पर 2.57 करोड़ रुपये के आईटीसी का लाभ उठाया। आरोपी को सीजीएसटी अधिनियम 2017 की धारा 69 के तहत सीजीएसटी अधिनियम, 2017 की धारा 132 के उल्लंघन के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उसे भिवंडी सीजीएसटी कमिश्नर द्वारा जमानत पर रिहा कर दिया गया।

यह मामला टैक्स धोखाधड़ी करने वालों और फर्जी आईटीसी नेटवर्क के खिलाफ सीजीएसटी मुंबई जोन द्वारा शुरू किए गए विशेष अभियान का हिस्सा है। पिछले एक साल में सीजीएसटी भिवंडी द्वारा की गई गिरफ्तारी का यह 15 वां मामला है। आगे जांच जारी है।

## पार्थ चटर्जी की गिरफ्तारी से सबक? ममता बनर्जी ने मंत्रियों के लिए बनाई 'आचार संहिता'

**नई दिल्ली, 19 अगस्त 2022।** शिक्षक भर्ती घोटाले और पशु तस्करी स्कैम में घिरी टीएमसी ने पंचायत चुनाव और 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले छवि सुधारने की कवायद तेज कर दी है। बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने अपने मंत्रियों को हिदायत दी है कि वे लाल बत्ती और हूटर वाली कार का इस्तेमाल करना बंद कर दें। उनकी ओर से मंत्रियों और नेताओं के लिए एक आचार संहिता जारी की गई है, जिसमें बताया गया है कि वे लोग क्या कर सकते हैं और क्या नहीं। उनकी ओर से यह रूल बुक ऐसे समय में तैयार की गई है, जब पार्टी के दो नेताओं को घोटाले के आरोपों में केंद्रीय एजेंसियों ने अरेस्ट कर लिया है।

ममता सरकार के एक मंत्री ने कहा कि गुरुवार को कैबिनेट की मीटिंग में इसे लेकर चर्चा हुई थी। इस मीटिंग में मंत्रियों को हिदायत दी गई कि यदि उनके पास कोई फाइल आती है तो उसे ध्यान से पढ़ें और तभी साइन करें। ममता बनर्जी ने पार्थ चटर्जी को कैबिनेट से हटाने के बाद मंत्रिमंडल में फेरबदल किया है और उसके बाद से यह पहली मीटिंग थी। सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती में घोटाले के आरोप में ईडी ने पार्थ चटर्जी को अरेस्ट किया है। इसके अलावा उनकी सहयोगी अर्पिता मुखर्जी के पास से 50 करोड़ रुपये कैश और बड़े पैमाने पर सोना बरामद किया गया है। कहा जा रहा है कि यह दौलत पार्थ चटर्जी की ही है।



**मंत्रियों को नसीहत, कुछ भी करने का लाइसेंस नहीं मिला है**

पार्थ चटर्जी ने कहा कि वह उस कमेटी के बारे में ज्यादा जानते नहीं थे, जिसे भर्ती की जिम्मेदारी दी गई थी। पार्थ ने कहा कि मेरे पास एक फाइल आई थी और मैंने उसे सिर्फ साइन करके वापस भेज दिया था। मीटिंग में मौजूद एक और मंत्री ने कहा, %बैठक में सीएम ने मंत्रियों से कहा कि वे लो-प्रोफाइल रहें। अपने क्षेत्रों में जाएं और सर्किट हाउस में ही ठहरें। जल्दी ही कैबिनेट मंत्रियों और राज्य मंत्रियों के कामों का भी बंटवारा कर दिया जाएगा। ममता दीदी ने मंत्रियों को चेतावनी दी है कि सिर्फ मिनिस्टर बन जाना ही सब कुछ नहीं है। यह इस बात का लाइसेंस नहीं है कि आप कुछ भी कर सकते हैं। उनके काम की निगरानी की जाएगी।%

**विधायकों और ब्लॉक प्रमुखों के लिए भी जारी किया आदेश**

ममता बनर्जी के करीबी टीएमसी के नेता अनुब्रत मंडल को भी बीते सप्ताह ही गिरफ्तार किया गया है। एक अन्य मंत्री ने कहा कि ममता बनर्जी ने नए मंत्रियों के लिए यह आचार संहिता बताई है। इसके अलावा उन्होंने उन पुराने मंत्रियों की भी खिंचाई की है, जिनके खिलाफ पहले से आरोप रहे हैं। उन्होंने हर किसी को अपनी छवि बेहतर बनाए रखने की नसीहत दी है। बता दें कि मार्च में ही ममता बनर्जी ने विधायकों और ब्लॉक प्रेसिडेंट्स के लिए आदेश जारी किया था कि वे गांवों में बाइक और साइकिलों पर ही जाएं। इसके अलावा ग्रामीणों के बीच अपने खर्च पर भोजन करें।

## संपादकीय

### बजट कटौती के बाद 'जय अनुसंधान'!

देश के हर प्रधानमंत्रियों का यह शगल होता है कि वे कुछ ऐसा नारा दें, जो अमर हो जाए, जिसे लोग याद रखें। कोई नया नारा नहीं होता है तो पुराने नारों में ही नई बात जोड़ी जाती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बार लाल किले से अपने भाषण में एक ऐतिहासिक नारे में नई बात जोड़ी। उन्होंने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री ने 'जय जवान, जय किसान' का नारा दिया था, जिसमें अटल बिहारी वाजपेयी ने 'जय विज्ञान' जोड़ा। इसके आगे उन्होंने इस नारे में 'जय अनुसंधान' जोड़ दिया। यानी अब नारा है 'जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान, जय अनुसंधान'। कोई भी नेता जब इस तरह का कोई नारा देता है तो वह उसकी प्रतिबद्धता से जुड़ा होता है। लेकिन अफसोस की बात है कि मौजूदा सरकार अनुसंधान के साथ वैसी प्रतिबद्धता से नहीं जुड़ी हुई है। उलटे इस सरकार में अनुसंधान के बजट में कटौती की जा रही है।

इक्का-दुक्का सरकारों को छोड़ दें तो दुनिया की ज्यादातर सरकारें अनुसंधान में लगने वाले पैसे को बरबादी मानती हैं। यह निवेश दिखता नहीं है और इसका लाभ मिलेगा ही इसकी गारंटी नहीं होती है। इसलिए लोकप्रियता के लिए अपने सारे काम करने वाली सरकारें शोध व विकास के काम में निवेश नहीं करती हैं। दूसरी ओर दुनिया के सबसे शक्तिशाली मुल्क अमेरिका की ताकत ही अनुसंधान में निवेश है। जापान और चीन सहित दुनिया की शीर्ष 20 कंपनियां अनुसंधान में जितना निवेश करती हैं उतना अकेले अमेरिका करता है।

इसके उलट भारत में अनुसंधान पर निवेश में कमी आ रही है। भारत में पहले से ही इसमें निवेश कम है। जीडीपी के मुकाबले सिर्फ 0.66 फीसदी रकम इस क्षेत्र में निवेश की जाती है। इसमें भी साढ़े 61 फीसदी के करीब डीआरडीओ, इसरो और एटॉमिक एनर्जी को चला जाता है। सिर्फ 38 फीसदी जनरल रिसर्च के लिए जाता है, जिसमें आईसीएआर, सीएसआईआर, आईसीएमआर, डीएसटी, डीबीटी आदि सब शामिल हैं। विज्ञान व प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंदर रिसर्च के तीन विभाग आते हैं- डिपार्टमेंट ऑफ बायोटेक्नोलॉजी यानी डीबीटी, डिपार्टमेंट ऑफ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च यानी डीएसआईआर और डिपार्टमेंट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी यानी डीएसटी, इस साल के बजट में इन तीनों के खर्च में कटौती की गई है। पिछले वित्त वर्ष यानी 2021-22 में इनका बजट 14,793 करोड़ रुपए था, जिसे वित्त वर्ष 2022-23 में घटा कर 14,217 करोड़ कर दिया गया था। यानी 576 करोड़ की कटौती हुई है।

### चीनी फोन व पुराना ढर्रा?

बेहतर होता कि भारतीय कंपनियां अपने उत्पाद की क्वालिटी बढ़ा कर चीनी कंपनियों को भारत से बाहर कर देतीं। तब वे विदेशों में भी अपना बाजार बना सकती थीं। लेकिन जिस तरह का संरक्षण उन्हें मिलने की संभावना है, उससे क्वालिटी बढ़ाने की प्रेरणा उनमें घटेगी।

हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि भारतीय बाजार में चीनी कंपनियों के सस्ते स्मार्टफोन की बिक्री पर प्रतिबंध सरकार चीन को दंडित करने के लिए लगाने जा रही है या घरेलू उद्योग को प्रोत्साहित करने के लिए- लेकिन किसी भी लिहाज से ये फैसला विवादास्पद है। चीन को अगर दंडित करना है, तो फिर सिर्फ सस्ते फोन को क्यों निशाना बनाया जा रहा है। फिर सभी चीनी कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। बहरहाल, अगर घरेलू स्मार्टफोन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने यह मन बनाया है, तो यही कहा जाएगा कि वह देश को पीछे ले जा रही है। वह लाइसेंस-परमिट राज की तरह का संरक्षण देकर घरेलू उद्योग को प्रोत्साहन देगी, जिससे एक तरफ जहां भारत के उपभोक्ता कम क्वालिटी के प्रोडक्ट के लिए अधिक कीमत चुकाएंगे, वहीं भारतीय उद्योग प्रतिस्पर्धा के कौशल से वंचित होंगे।

खबर है कि भारत सरकार 12,000 रुपये (150 अमेरिकी डॉलर) से कम कीमत वाले चीनी मोबाइल फोनों की बिक्री पर रोक लगाने पर विचार कर रही है। कहा गया है कि भारत सरकार की इस सोच का मकसद स्थानीय स्मार्ट फोन कंपनियों- जैसे लावा और माइक्रोमैक्स आदि को बढ़ावा देना हो सकता है। यह अभी स्पष्ट नहीं है कि भारत ऐसी कोई नीति घोषित करेगा या फिर अनौपचारिक तरीकों से चीनी स्मार्टफोन कंपनियों को सीमित करने की कोशिश की जाएगी। यह खबर तब आई है जब भारतीय अधिकारियों ने एक के बाद एक चीनी कंपनियों पर कानूनी कार्रवाई की है। भारत के स्मार्टफोन बाजार पर चीन की कंपनियों का कब्जा है। सस्ते स्मार्टफोन के मामले में चीन की कंपनियों शाओमी और वीवो ने उस पर कब्जा कर रखा है। लेकिन ऐसा इसलिए हुआ है, क्योंकि वे सस्ते में बेहतरीन क्वालिटी के फोन उपलब्ध कराती हैं। बेहतर यह होता कि भारतीय कंपनियां अपने उत्पाद की क्वालिटी बढ़ा कर चीनी कंपनियों को भारत से बाहर कर देतीं।

# निरन्तर बढ़ रही है अक्षय ऊर्जा की मांग



योगेश कुमार गोयल
नजफगढ़,
नई दिल्ली

केवल भारत में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में पारम्परिक ऊर्जा के मुकाबले अक्षय ऊर्जा की मांग लगातार तेजी से बढ़ रही है। दरअसल वर्तमान में पूरी दुनिया पर्यावरण संबंधी गंभीर चुनौतियों से जूझ रही है और पारम्परिक ऊर्जा स्रोत इस समस्या को और ज्यादा विकराल बनाने में सहभागी बन रहे हैं जबकि अक्षय ऊर्जा इन चुनौतियों से निपटने में कारगर साबित हो सकती है। यही कारण है कि भारत में भी अक्षय ऊर्जा उत्पादन क्षमता को बढ़ाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं और सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा इत्यादि का उत्पादन बढ़ाने के लिए बड़ी-बड़ी परियोजनाएं स्थापित की जा रही हैं। प्रधानमंत्री विभिन्न अवसरों पर सौर ऊर्जा को 'श्योर, प्योर और सिक्योर' बताते हुए अक्षय ऊर्जा के महत्व को स्पष्ट रेखांकित कर चुके हैं। अक्षय ऊर्जा उत्पादन के मामले में भारत की यह बड़ी उपलब्धि मानी जा सकती है कि भारत दुनियाभर में अक्षय ऊर्जा उत्पादन में चौथे स्थान पर पहुंच चुका है। देश में अक्षय ऊर्जा को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से ही वर्ष 2004 से प्रतिवर्ष 20 अगस्त को अक्षय ऊर्जा दिवस मनाया जाता है।

प्रदूषणकारी और सीमित मात्रा में उपलब्ध पारम्परिक ऊर्जा स्रोतों के बजाय अक्षय ऊर्जा से ही ऊर्जा जरूरतें पूरी करने के लिए अब देश के विभिन्न हिस्सों में विभिन्न अक्षय ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित की जा रही हैं। मध्य प्रदेश के रीवा में करीब तीन साल पहले चार हजार करोड़ रुपये की लागत से कुल 750 मेगावाट क्षमता की अत्याधुनिक मेगा सौर ऊर्जा परियोजना का उद्घाटन किया गया था, जिसके बारे में बताया जा चुका है कि इससे उत्पादित होने वाली बिजली के कारण वातावरण में प्रतिवर्ष 15.7 लाख टन कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन कम होगा। रीवा सौर ऊर्जा प्लांट की शुरूआत के साथ ही भारत दुनिया के शीर्ष पांच सौर ऊर्जा उत्पादक देशों में शामिल हो गया था और अक्षय ऊर्जा उत्पादन के मामले में यह संतोषजनक स्थिति ही है कि भारत इस मामले में दुनिया का चौथा देश बन चुका है। कर्नाटक के पावगाड़ा में दो हजार मेगावाट से अधिक क्षमता के सोलर पार्क सहित देश में रीवा से भी ज्यादा सौर ऊर्जा का उत्पादन कर रहे कुछ और सोलर पार्क भी देश में अक्षय ऊर्जा उत्पादन में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

सवाल यह है कि आखिर अक्षय ऊर्जा क्या है और इसके स्रोत कौनसे हैं? इस संबंध में 'प्रदूषण मुक्त सांसें' पुस्तक में विस्तार से बताया गया है कि अक्षय ऊर्जा वह ऊर्जा है, जो असीमित और प्रदूषणरहित है या जिसका नवीकरण होता रहता है। ऊर्जा के ऐसे प्राकृतिक स्रोत, जिनका क्षय नहीं होता, अक्षय ऊर्जा के स्रोत कहे जाते हैं। अक्षय ऊर्जा के महत्वपूर्ण स्रोतों में सूर्य, जल, पवन, ज्वार-भाटा, भूताप इत्यादि प्रमुख हैं। उदाहरण के रूप में सौर ऊर्जा को ही लें। सूर्य सौर ऊर्जा का मुख्य स्रोत है, जिसकी रोशनी स्वतः ही पृथ्वी पर पहुंचती रहती है। यदि हम सूर्य की इस रोशनी को सौर ऊर्जा में परिवर्तित नहीं भी करते हैं, तब भी यह रोशनी तो पृथ्वी पर आती ही रहेगी लेकिन चूंकि सूर्य से प्राप्त होने वाली इस असीमित ऊर्जा के उपयोग से न तो यह ऊर्जा घटती है और न ही इससे पर्यावरण को किसी भी प्रकार की क्षति पहुंचती है, इसीलिए सूर्य से प्राप्त होने वाली इस ऊर्जा को अक्षय ऊर्जा कहा जाता है।

ग्लोबल वार्मिंग तथा जलवायु परिवर्तन से बचाव के दृष्टिगत ही आज अक्षय ऊर्जा को अपनाना समय की सबसे बड़ी मांग है। दरअसल पूरी दुनिया इस समय पृथ्वी के बढ़ते तापमान और ग्लोबल वार्मिंग के कारण बढ़ती प्राकृतिक आपदाओं को लेकर बेहद चिंतित है, इसीलिए कोयला, गैस, पैट्रोलियम पदार्थों जैसे ऊर्जा के परम्परागत स्रोतों के बजाय अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा देना बेहद जरूरी है। भारत सहित कई प्रमुख देशों में अब थर्मल पावर प्लांटों में कोयले के इस्तेमाल को कम करते हुए सौर ऊर्जा तथा पवन ऊर्जा जैसे अक्षय ऊर्जा के महत्वपूर्ण स्रोतों का उपयोग किया जाने लगा है। दरअसल आज स्वच्छ वातावरण के लिए कोयला आधारित थर्मल पावर प्लांटों के बजाय क्लीन और ग्रीन एनर्जी की पूरी दुनिया को जरूरत है और इन्हीं जरूरतों को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री 'वन वर्ल्ड, वन सन, वन ग्रिड' की बात करते हुए इस ओर पूरी दुनिया का ध्यान आकर्षित कर चुके हैं। पिछले कुछ वर्षों में भारत में सौर ऊर्जा उत्पादन की क्षमता कई गुना बढ़ चुकी है। इसके अलावा करीब साढ़े तीन दशक पूर्व पवन ऊर्जा से ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने की शुरू की गई पहल के बाद से देश की पवन ऊर्जा उत्पादन क्षमता भी काफी बढ़ चुकी है। चीन, अमेरिका और जर्मनी के बाद भारत अब पवन ऊर्जा उत्पादन के मामले में भी चौथे स्थान पर है।

फिलहाल जिस प्रकार देश में शुद्ध, सुरक्षित और भरोसेमंद ऊर्जा की ओर तेजी से कदम बढ़ाए जा रहे हैं, उससे लगता है कि अगले कुछ दशकों में देश की कोयला, गैस इत्यादि प्रदूषण पैदा करने वाले स्रोतों से ऊर्जा पर निर्भरता काफी कम हो जाएगी। फिलहाल सरकार का लक्ष्य वर्ष 2022 तक देश में 100 गीगावाट सौर ऊर्जा सहित कुल 170 गीगावाट अक्षय ऊर्जा उत्पादन करना है। हालांकि आने वाले वर्षों में इसे तेजी से बढ़ाने के लिए इस दिशा में काफी कार्य करना होगा क्योंकि माना जा रहा है कि डेढ़ दशक बाद भारत में सौर ऊर्जा की मांग सात गुना तक बढ़ सकती है। आज न केवल भारत बल्कि समूची दुनिया के समक्ष बिजली जैसी ऊर्जा की महत्वपूर्ण जरूरतों को पूरा करने के लिए सीमित प्राकृतिक संसाधन हैं, साथ ही पर्यावरण असंतुलन और विस्थापन जैसी गंभीर चुनौतियां भी हैं। इन गंभीर समस्याओं और चुनौतियों से निपटने के लिए अक्षय ऊर्जा ही ऐसा बेहतरीन विकल्प है, जो पर्यावरणीय समस्याओं से निपटने के साथ-साथ ऊर्जा की जरूरतों को पूरा करने में भी कारगर साबित होगी।

# अब तक कुछ भी ठीक नहीं

शाम लाल कौशल
रोहतक हरियाणा

हमारे देश को आजाद हुए 75 वर्ष हो गए हैं! इन 75 वर्षों में कांग्रेस ने हुकूमत की है! भारत के प्रधानमंत्री, पंडित जवाहरलाल नेहरू को आधुनिक आर्थिक विकास की नींव रखने का श्रेय दिया जा सकता है! उन्होंने देश में जल विद्युत योजनाओं तथा सार्वजनिक क्षेत्र में उद्योगों की नींव रखी! इन उद्योगों का उद्देश्य लोगों को रोजगार देना, धन तथा संपत्ति का बटवारा सामान करना तथा उद्योगों को विकसित होने में सुविधाएं देना था! उसके बाद उनकी सुपुत्री, श्रीमती इंदिरा गांधी ने बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया की लघु तथा कुटीर उद्योग कृषि, विदेशी व्यापार, तथा स्वरोजगार वाले लोग लाभान्वित हो सके! इसके बाद 1991 में प्रधानमंत्री, नरसिम्हा राव के समय में नई आर्थिक नीति अपनाई गई इसका मकसद आर्थिक क्रियाओं को सरकारी लाइसेंस राज से छुटकारा दिलवाना, निजी क्षेत्र को प्रोत्साहन तथा अर्थव्यवस्था को विदेशियों के लिए खोलना था! समय-समय पर विभिन्न सरकारें इसी नीति के आधार पर देश का विकास करती रही है! आजकल हम आजादी के 75 साल पूरे होने के बाद आजादी का अमृत महोत्सव बना रहे हैं! किसी देश के इतिहास मैं 75 वर्ष का समय कोई कम नहीं होता! अब उपयुक्त समय है कि हम 75 साल की आजादी के बाद अपनी अर्थव्यवस्था की समीक्षा करें और जानने की कोशिश करें कि अर्थव्यवस्था में कितना विकास हुआ और क्या कुछ होना चाहिए था लेकिन नहीं हुआ! इस सारे के साथ-साथ हमें यह भी देखना होगा के आजादी के 75 साल पूरे होने पर आर्थिक विकास की दृष्टि से हम कहां से कहां तक पहुंचे हैं! इसमें कोई संदेह नहीं कि 1947 में अंग्रेज लोग हमें जिस कंगाली और भिखमंगों की श्रेणी में हमें छोड़ गए थे हम ना केवल उस श्रेणी से निकल चुके हैं बल्कि आज हमारी अर्थव्यवस्था विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है! आजादी मिलने के बाद पंडित जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में 5 वर्षीय योजनाएं शुरू की गई जिनमें सभी आर्थिक क्रियाओं को आवश्यकता के अनुसार विकसित करने का कार्यक्रम शुरू किया गया! योजना के बाद जब दूसरी पंचवर्षीय योजना शुरू की गई तो पहली पंचवर्षीय योजना की समीक्षा की गई और दूसरी योजना में पहली योजना की कमियों को दूर करने की कोशिश की गई! पंचवर्षीय योजनाओं के तहत कृषि, उद्योग, यातायात तथा संचार, बैंकिंग, शिक्षा आदि का विकास करने की कोशिश की गई! जवाहरलाल नेहरू देश में समाजवाद लाना जाते थे, बेकारी दूर करना चाहते थे इसी बात को ध्यान में रखकर उन्होंने सार्वजनिक क्षेत्र में कई उद्योगों को स्थापित किया! ये उद्योग दूसरे उद्योगों के लिए आधारशिला का काम करते थे इसलिए इनको मौलिक तथा आधारभूत उद्योग कहा जाता था! यह कहना है अ प्रासंगिक नहीं होगा कि जब कोरोना का काल में सारी दुनिया मंदी की गिरफ्त में थी, केवल भारत ही एक ऐसा देश था जहां पर सार्वजनिक क्षेत्रों में लोगों को रोजगार तथा आमदनी मिलने के कारण मांग को बढ़ाने में मदद मिली! इन 75 वर्षों में देश की जीडीपी में उत्साहवर्धक वृद्धि हुई है! 1947 में हमारी जीडीपी 2.7 लाख करोड़ थी जोकि 2022 में बढ़कर 236.5 लाख करोड़ रुपए हो गई है! हमारे पास 571 अरब डॉलर विदेशी मुद्रा के भंडार हैं जोकि संसार के किसी देश के मुकाबले में अधिकतम है! इन 75 वर्षों में हमारे देश में कृषि में अभूतपूर्वक विकास हुआ है! कोई समय था जब हम अमेरिका से पीएल 480 के तहत अनाज मंगवाते थे! लेकिन 1960 के दशक में भारत में हरित क्रांति आई जिसके कारण ना केवल हम अनाज के मामले में आत्मनिर्भर हो गए बल्कि आजकल हम रूस यूक्रेन के युद्ध के दौरान कई देशों को अनाज का निर्यात करके उनका पेट भरने में मदद भी कर रहे हैं! जहां भारत में हरित क्रांति आई है वहां हमने श्वेत क्रांति के द्वारा दूध का उत्पादन भी बढ़ाया है और हम दूध की आवश्यकता को लेकर आत्मनिर्भर हो गए हैं! हमारे देश में कृषि 80त्न लोगों को रोजगार देती है! 1951 में जहां कृषि का राष्ट्रीय आय में योगदान 55त्न था आजकल वह घटता घटता 15त्न हो गया है! यह आर्थिक विकास का सिद्धांत है कि जैसे-जैसे किसी देश में आर्थिक विकास होता है वैसे वैसे वहां पर कृषि तथा प्रकृति पर निर्भर करने वाली आर्थिक क्रियाओं का महत्व कम होता है और सेवा क्षेत्र, जैसे आईटी, बीमा, यातायात, चिकित्सा आदि का महत्व बढ़ता है! इस समय हमारे देश में सेवा क्षेत्र अर्थात सर्विस सेक्टर का तेजी से विकास हो रहा है इस क्षेत्र में 23त्न लोग रोजगार प्राप्त करते हैं और इस क्षेत्र की वृद्धि दर 10.8 प्रतिशत है!

इसके अलावा देश में उद्योगों ने भी काफी तरक्की की है! अपने देश में हम आजकल सुरक्षा से संबंधित आत्मनिर्भर होने की कोशिश कर रहे हैं बल्कि कुछ सुरक्षा सामग्री का निर्यात भी करने लगे हैं! तरह-तरह की मशीनों तथा औजारों का उत्पादन हमारे देश की औद्योगिक तरक्की का सबूत है! ऐसी बातों को लेकर ही हम संसार में पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के नजदीक जा रहे हैं!

बेशक भारत आज विकसित से विकसित देश को चुनौती देने का समर्थ रखता है लेकिन इसके बावजूद भी हमारे देश में बहुत सारी समस्याएं हैं जिनका आजादी के इस अमृत महोत्सव अर्थात आजादी के 75 साल होने के बावजूद भी समाधान नहीं किया जा सका! हमारे देश की आबादी बहुत तेजी से बढ़ रही है! बहुत जल्दी हम चीन से भी ज्यादा जनसंख्या वाले देश को मात देकर संसार में सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बन जाएंगे! बहुत ज्यादा जनसंख्या का होना बहुत सारी समस्याओं को पैदा करता है, कानून व्यवस्था बिगड़ती है और सरकार को इस जनसंख्या को सुविधाएं देने के लिए पैसा लगाना पड़ता है अन्यथा इसका प्रयोग विकास तथा कल्याण के लिए किया जा सकता था! बहुत सारे मामलों में हम आत्मनिर्भर नहीं है! इसका सबसे बड़ा सबूत हमारा बढ़ता हुआ व्यापार घाटा है! अन्य कई देशों के अतिरिक्त चीन के साथ हमारी व्यापार की निर्भरता बहुत बढ़ गई है! चीन हमारे से बहुत कम चीजें मंगवाता है, इसके मुकाबले में भारत अपनी बहुत सारी जरूरत है चीन से आयातों से पूरी करता है! इस तरह चीन के साथ व्यापार में हमें अरबों रुपए का घाटा होता है! देश के बढ़ते व्यापार घाटे को कम करने के लिए हमें आत्मनिर्भर बनना होगा, तभी ही देश का पैसा देश में रहेगा, मांग बढ़ेगी और विकास की गति और तेज हो जाएगी! हमारे देश में कीमतें लगातार बढ़ रही हैं! अभी तो हम यह कह सकते हैं कि कीमतों में वृद्धि के अनेक कारणों में लिए रूस यूक्रेन युद्ध के कारण बाधित आपूर्ति है लेकिन वास्तविक कटु सत्य यह है कि सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण भी देश में कीमतें बढ़ रही हैं! बेशक हम अपनी जरूरत का 80त्न तेल अथवा पेट्रोल विदेशों से आयात करते हैं और आयात किए जाने वाले तेल की कीमतें बढ़ रही है इसलिए देश में इसका प्रभाव हो रहा है, लेकिन पूछा जा सकता है कि देश में सब्जियां, दालें, खाने वाले तेल, अनाज, चीनी आदि तो हमारे देश में ही पैदा होते हैं, फिर इनकी कीमतें क्यों बढ़ रही हैं! देश में कीमतों में आसमान छूती वृद्धि के बाद बढ़ती हुई बेकारी है! ऐसा माना जाता है कि कोरोना, नोटबंदी, जीएसटी आदि के बाद बहुत सारे काम धंधे चौपट हो गए हैं जिससे बेकारी बढ़ गई है, लोगों की आमदनी कम हो गई है, उनके लिए 2 जून रोटी जुटाना भी मुश्किल हो रहा है! हमारे देश में सरकार के राजस्व के मुकाबले में खर्चे में ज्यादा वृद्धि हो रही है जिसे लेकर सरकार को देश की जेडीपी के मुकाबले में 80त्न तक कर्जा लेना पड़ रहा है जिसका बोझ औसत तौर पर एक आदमी पर ₹1 लाख रुपए आता है! इतना ही नहीं सरकार बैंकों समेत बहुत सारी घाटे में चल रही सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों को निजी क्षेत्र को बेच रही है! अब सवाल यह पूछा जा सकता है कि कल तक जो सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयां घाटे में चल रही थी निजी क्षेत्र में आते ही लाभ कैसे कमाने लग गई? हमारी हमारी अर्थव्यवस्था शुरू से ही मिश्रित अर्थव्यवस्था रही है! लेकिन जब से 1991 से हमने नई आर्थिक नीति अपनाई है उसके फलस्वरूप निजी क्षेत्र को प्रोत्साहन दिया जा रहा है, जिसके परिणाम स्वरूप निजी क्षेत्र वाले अपना उत्पादन मनमाने ढंग से भेजते हैं और देश में धन तथा संपत्ति की असमानता अमीरों के पक्ष में होती जा रही है! आर्थिक तथा अवसरों की असमानता देश के लिए खतरनाक है!

इस तरह आजादी के आजादी के 75 साल गुजरने के बाद देश ने बेशक बहुत विकास किया है लेकिन अभी भी बहुत सारी समस्याएं हैं जिन्हें हल करने की जरूरत है! यह समस्याएं कब हल होंगी, देखो और इन्तजार करो!

## जादू की झप्पी,सकारात्मक उर्जा का प्रमाण है

भावना ठाकर भावु
बेंगलोर,
कर्नाटक

स्पर्श की भी एक भाषा होती है, स्पर्श से इंसान की नीयत का भी पता चल जाता है। कभी-कभी किसी अपने की छुअन काँटों सी कंटीली होती है, तो कभी-कभी कोई पराया हाथ पर अपना हाथ रखकर हर दर्द से निजात दे जाता है।

हमारे प्राचीन ग्रंथों में प्राकृतिक उपचार के रूप में सूर्य चिकित्सा, मंत्र चिकित्सा, अग्नि चिकित्सा, वायु चिकित्सा, जल चिकित्सा के साथ-साथ स्पर्श चिकित्सा का भी उल्लेख किया गया है।

आलिंगन संसार की सर्वोत्तम चिकित्सा पद्धति है, बरसती आँखों का सबसे बड़ा ढ़ाढस है गले लगाना। स्पर्श से बेहतरीन प्रेम और परवाह का कोई अनुवाद नहीं।

जादू की झप्पी सकारात्मक उर्जा का सबसे बड़ा प्रमाण है। बेहद निराशा की परिस्थिति में कोई हमें गले लगाकर कहे कि, चिंता मत कर सब ठीक हो जाएगा, वो क्रिया अवसाद ग्रस्त व्यक्ति में सकारात्मक उर्जा भर देती है। अवसाद के आलम में हाथ पर हाथ रखकर कोई मैं हूँ न कहते अहसास में अपनेपन की नमी घोलकर छूता है, तब रोम-रोम खिल उठता है। ज़िंदगी की हर जंग जीतने के लिए मनोबल द्रढ़ होता है। शब्दों की जरूरत नहीं होती, मौन स्पर्श सबकुछ कह देता है।

और माँ की ममता, पिता की परवाह स्पर्श की एक सुंदर परिभाषा का सबसे बड़ा प्रमाण है बिन छुए भी माँ के अहसास कोख में पल रहे बच्चे को रक्षता है। और पिता का स्नेहिल हाथ सर पर फिरता है तब एक महफ़ूज़ छत सा महसूस होता है।

स्पर्श में भी एक मनचाहा स्पर्श होता है छूता है जब आशिक आँखों से प्रिया के उर को अंग-अंग से इश्क का आबशार बरसने लगता है। खून की रवानी में झनझनाहट दौड़ने लगती है। चाहत की सुराही से नशीली नज़ाकत बरसने लगती है और लब पर लब के स्पर्श से शाश्वत सुख की चरम छंटती है।

दोस्तों की गालियों में एक अपनत्व का स्पर्श छिपा होता है। जब एक दोस्त दूसरे को कहता है, कमीना बस इतनी सी बात अरे डरता क्यूँ है हम है ना, तब दूसरे दोस्त के चेहरे पर गुरुर छा जाता है। दोस्ती से बड़ा कोई रिश्ता नहीं।

भारतीय संस्कृति में चरणस्पर्श सम्मान और आदर प्रकट करने का सर्वकालिक और सर्वमान्य तरीका है। यह ह्रदय के सम्मान और श्रद्धा को बखूबी जाहिर कर देता है। थोड़ा झुक कर चरण स्पर्श करने से बड़े बुज़ुर्गों के अमूल्य आशिर्वाद पा सकते है ।

कुछ ज़हरीली और कंटीली अनमनी सी कातिल छुअन बरसती है जब अधम इंसान के हाथों से, तब तार-तार एक मासूम होती है। दबोचता है कोई अपना ही जब प्यार जताते हवस की आग आँखों में भरे, तब किसी बालिका का तन शोलों सा जल जाता है। जी हाँ कभी-कभी घर में भी इसी तरह की बैड टच का शिकार होती है बेटियाँ। प्यार जताने के सलीके से बच्चियों को वाकिफ़ करना बहुत जरूरी होता है।

बहन के माथे को छूता है जब भाई के लब का सुहाना स्पर्श तब कायनात भी झूम उठती है। अपनी बहन को परवाह की परवाज़ में लेते आशीष की बारिश करते भाई रक्षा का वचन देता है। और दुनिया का सबसे सुंदर स्पर्श जब पत्नि की हथेलियों पर अपना मजबूत हाथ रखकर पति आँखों के इशारे से कहता है ÷मैं हूँ ना÷ उस स्पर्श से अहम स्पर्श एक स्त्री के लिए और कोई नहीं होता। अपना पूरा अस्तित्व उस स्पर्श के हाथों सौंप कर निश्चिंत सी पूरी ज़िंदगी बिता देती है।

पर हाँ हर स्पर्श सहज और सही नहीं होता ये अपनी दस बारह साल की बच्चियों को समझाने का वक्त आ गया है। नारियों संकोच को त्यागकर बेटी को पास बिठाकर हर छुअन का ज्ञान दो। बहुत सी विपदाओं का सामना करने में सक्षम बनाओ। समझाओ सही स्पर्श की परिभाषा और बेटी को रक्ष लो।

## यदुवंशमः योगेश्वर श्रीकृष्ण

अशोक कुमार यादव
मुंगेली,छत्तीसगढ़



हे! द्वारकाधीश
जन्मदिन की आपको बधाई
आनंद,मंगल है पूरे जगत में
झूम रहे अनुयायी
निकाल कर रैली बन गोविंदा
फोड़ रहे मटकी
घर-घर,कण-कण
विराजे बाल गोपाल कन्हाई
लड़कपन में गोचारण के लिए
गए सघन वन
मनमीतों के संग लीलाएं कर
उड़ते थे गगन
राधा रानी गोपियों संग
रास रचाए वृंदावन में
प्रेम गीत गाकर बंसी धुन में
हो जाते थे मगन
बाल सखाओं के
रूप धारण करके आए घर
सब ग्वालिन माताओं के
प्रेम स्नेह मिला सुंदर
कंस आदेश था दूध,दही
नहीं खाएंगे यदुवंशी
माखन चोरी कर
बांट खाए सुहृदय मुरलीधर
परमपिता परमेश्वर यादव
कुल के शिरोमणि
पतितों के हो पालनहार
विश्व रक्षक अग्रणी
गीता ज्ञान के उपदेशक
विराट रूप कर्मयोगी
यदुवंश के वृत्तिकार
विश्वशांति दूत वेदाग्रणी
द्वापरयुग के महादैत्यों का
खेल में किये संहार
सर्वजन और अहीर
क्षत्रियों का किया उद्धार
लोक कल्याण के लिए
उत्पत्ति लिए चतुर्भुज
युगों-युगों तक जय-जयकार
करेगा ये संसार

## अलख निरंजन

राजीव डोगरा
कांगड़ा
हिमाचल प्रदेश

जाग मछंदर गोरख आया
अलख निरंजन नाद सुनाया।
महाकाल का भगत बनाया
चौसठ योगिनी
90 भैरव का गान सुनाया।
52 वीर भी संग लाया,
जाहरवीर को शिष्य बनाया
महावीर संग
भगवती काली का गुण गाया।
जाग मछंदर गोरख आया
आदेश आदेश आदेश कर
सब में अलख जगाया।
मेलडी मसानी को संग लाया
भूत-प्रेत को मार-मार भगाया।
जाग मछंदर गोरख आया
अलख निरंजन नाद सुनाया।

## बिखरे से लफ्ज मेरे

प्रीति चौधरी मनोरमा
बुलंदशहर उत्तरप्रदेश

बिखरे से लफ्ज़ मेरे
उतर आए हैं कागज पर।
कहते हैं तुमसे चुपके से
बन जाओ तुम हमसफर।
प्रेम नहीं बतलाया जाता
खामोशी की पढ़ लो भाषा
इस जग से उम्मीद नहीं है
तुमसे जुड़ी है मन की आशा
जैसे बरखा बादल संग- संग
तेरा -मेरा है प्यार अमर।
बिखरे से लफ्ज़ मेरे
उतर आए हैं कागज पर...
तुम हो मेरे मन के मीत
तुमसे कोई राज कहाँ है।
प्रेम विषय है अनुभूति का
होते इसमें अल्फाज कहाँ है।
तेरे साथ से सुखमय लगता
मुझको यह धरती -अंबर।
बिखरे से लफ्ज़ मेरे
उतर आए हैं कागज पर...
विछोह दंश ना मुझको देना
आजीवन तुम रहना संग -संग।
आत्मा तुम्हारे साथ जुड़ी है
तेरी प्रीति से रंगा है अंग -अंग।
तुम हो अमिट प्रेम की रेखा
जैसे लकीर कोई प्रस्तर पर।
बिखरे से अल्फाज मेरे
उतर आए हैं कागज पर...

# बकाए बिजली बिल

पीएम मोदी ने खराब भुगतान की पुरानी आदत और देश में ऊर्जा संकट की ओर ध्यान आकर्षित कराया है। यह संकट 2.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक का है, लिहाजा हालात सामान्य नहीं हैं। पीएम मोदी का बयान भी गम्भीर है, आगाह करने वाला है, क्योंकि भुगतान का बकाया बना रहेगा और बिजली उत्पादक कम्पनियों का घाटा बढ़ता रहेगा तो एक स्थिति यह भी आ सकती है कि बिजली पैदा करने का सवाल खड़ा हो जाये और देश का बड़ा हिस्सा अंधेरे में डूबता लगे। यदि मौजूदा बिजली संकट को आम नागरिक के नज़रिये से देखें, तो यह मासूम और बेकसूर है। औसतन नागरिक समयबद्ध तरीके से बिजली के बिल का भुगतान करता है। उसे बिजली कनेक्शन काट दिये जाने का भी भय रहता है। सवाल यह है कि ऐसे भुगतान के अरबों रुपये कहाँ ठहर जाते हैं या रोक लिए जाते हैं अथवा सब्सिडी का भुगतान भी नियमित तौर पर नहीं किया जाता। सरकार के खातों में कई फ्रॉड दफन हैं। उनकी जांच होनी चाहिये। देश में लगभग सभी सरकारें सब्सिडी मुहैया कराती हैं, लेकिन उसका यथा समय भुगतान न करने से बिजली वितरण के नुकसान भी बढ़ते रहते हैं। नतीजतन बिजली उत्पादक कम्पनियों पर भी व्यापक आर्थिक प्रभाव पड़ते हैं। बीते जुलाई माह तक 1.13 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा राज्यों पर अथवा बिजली वितरण कम्पनियों पर बकाया थे, जो उन्हें उत्पादक कम्पनियों को देने चाहिये थे। बिजली वितरण कम्पनियों का अपना रोना है कि उनका कुल घाटा 5,22,869 करोड़ रुपये का है। यानि जिस संकट का खुलासा प्रधानमंत्री ने देश के सामने किया है, संकट उससे भी ज्यादा गहरा और व्यापक है। सरकारी डाटा के मुताबिक, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश और जम्मू कश्मीर आदि राज्यों और संघ शासित क्षेत्र पर सबसे ज्यादा बकाया शेष है। तमिलनाडु पर 25,553) करोड़, महाराष्ट्र पर 19,745 करोड़, उप्र पर 10,755 करोड़ और जम्मू-कश्मीर के हिस्से 10,669 करोड़ रुपये के करीब बिजली भुगतान का बकाया खड़ा है। इनके अलावा मध्य प्रदेश, बिहार, कर्नाटक, हरियाणा, झारखण्ड, राजस्थान, बंगाल, केरल, पंजाब और आंध्रप्रदेश आदि राज्य भी इसी हमाम में नंगे हैं। सवाल है कि राज्यों के बिजली बोर्ड या बिजली वितरण कम्पनियां, बिजली उत्पादक कम्पनियों से, जो बिजली लेती रही हैं, उनका समयबद्ध भुगतान क्यों नहीं करतीं? इसका सीधा असर उत्पादक कंपनियों की अर्थव्यवस्था पर पड़ता है, क्योंकि वे अपने आर्थिक दायित्व पूरे नहीं कर पातीं। प्रधानमंत्री ने घोषणा की है कि उत्पादक कम्पनियां बेहद वित्तीय संकट में 8 और उनका घाटा 2020 में ही 5 लाख करोड़ रुपये पार कर चुका है। प्रधानमंत्री खुद दखल देकर इसका समाधान निकाल सकते हैं। वे सर्वदलीय और मुख्यमंत्रियों की बैठक बुलाएं और ऊर्जा संकट के प्रति सचेत करें। भारत सरकार ने 2016 में बिजली की दर और लागत सम्बन्धी जो नीति तैयार की थी, यह वितरण के नुकसान के 20 फीसदी तक सब्सिडी की अनुमति देती है। बिजली कानून के मुताबिक, वितरण कम्पनियों को सब्सिडी की राशि अग्रिम दी जानी चाहिये। यदि कानून का अक्षरशः पालन किया जाये, तो बिजली पर सब्सिडी दी जा सकती है, बिजली सस्ती दी जा सकती है या बिजली की आपूर्ति मुफ्त की जा सकती है राजधानी दिल्ली में 200 यूनिट तक बिजली निःशुल्क है, फिर भी बजटीय घाटा अपनी सीमा में है। दिल्ली पर बकाया मात्र 3 करोड़ रुपये है। यह इसलिए है, क्योंकि सरकार सब्सिडी का भुगतान वितरण कम्पनियों को नियमित करती रही है। बहरहाल प्रधानमंत्री ने जो चिन्ता और सरोकार व्यक्त किये हैं, वे वित्तीय समस्या से जुड़े हैं। वह दलीय राजनीति नहीं है। राज्य भारत सरकार से भी कर्ज और अनुदान लेते रहे हैं, करों में उनकी जो हिस्सेदारी है, वह भी देर सबेर उन्हें मिल जाती है, उनका बजट अपने संसाधनों पर आधारित है, फिर भी राज्यों पर कर्ज़ और बकाये का बोझ बना रहता है। कमोवेश यह विरोधाभास स्पष्ट होना चाहिये। बीते दो दशकों में भारत सरकार भुगतान के बकाए की दुरावस्था का कोई हल नहीं ढूंढ सकी है, लिहाजा बकाया बढ़ता जा रहा है। केरल और हिमाचल प्रदेश में बिजली सब्सिडी कम्पनियों को देने के बजाय सीधा उपभोक्ता को ट्रांसफर कर दी जाती है, लिहाजा बकाया लटकता नहीं रहता और आम नागरिक तक सब्सिडी पहुंच भी जाती है। दूसरे राज्य भी यह प्रयोग कर सकते हैं, लेकिन हमारा मानना है कि प्रधानमंत्री अविलम्ब मुख्यमंत्रियों की बैठक बुलाएं, ताकि किसी साझा निष्कर्ष तक पहुंचने की बात आगे बढ़ सके।

-अजय दीक्षित-

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# शहर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की रही धूम



## प्राचीन राधा वल्लभ मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़

-नगर संवाददाता-

**अम्बिकापुर, 19 अगस्त 2022(घटती-घटना)।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी शहर में धूमधाम के साथ मनाई गई। शहर के सबसे प्राचीन राधा वल्लभ मंदिर में रात आठ बजे जन्मोत्सव का आयोजन हुआ। इस दौरान मंडलियों द्वारा भजन कीर्तन किया गया और देर रात तक शहर में उत्साह का माहौल रहा। मंदिर में बाल कृष्ण के लिए पालकी सजाई गई थी। जिसे श्रद्धालुओं द्वारा झुलाया गया। वहीं पूरे दिन श्रद्धालुओं का तांता दर्शन करने के लिए लगी रही। लोग अपने परिवार के साथ मंदिर पहुंच कर पूजा अर्चना की। वहीं महिलाओं द्वारा भजन कीर्तन भी किया गया।




कृष्ण जनमाष्टमी के अवसर पर शुक्रवार को राज परिवार द्वारा वर्षों पहले बनवाए गए राधा वल्लभ मंदिर को आकर्षक तरीके से सजाया गया था। पिछले तीन वर्षों से कोरोना संक्रमण के कारण धार्मिक आयोजन पर प्रतिबंध के कारण मंदिर में विशेष रूप से आयोजन नहीं किए जा रहे थे। इस वर्ष कोरोना की रफ्तार काफी कम होने के कारण मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया है। मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ दर्शन के लिए उमड़ पड़ी। मंदिर के पुजारी राम नरेश द्विवेदी ने बताया कि रात 8.30 बजे राज पुरोहित द्वारा जन्मोत्सव का पूजा कराया जाएगा। इसके बाद पूरी रात भजन कीर्तन का आयोजन चलता रहेगा। इस मौके पर सिघांरा व नारियल के व्यंजन तैयार किए गए। शहर के सबसे प्राचीन राधा वल्लभ मंदिर को आधुनिक लाइटिंग व फूल मालाओं से सजया गया था। मंदिन में पूरे दिन पूजा के लिए श्रद्धालु आते रहे। पर शाम होते ही मंदिर में भक्तों से भरी पड़ी रही। भीड़ को नियंत्रण करने के लिए मंदिर के मुख्य द्वार पर पुलिस बल तैनात किए गए थे। जिला मुख्यालय अंबिकापुर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी जन्माष्टमी की धूम रही। विभिन्न संगठनों द्वारा जगह-जगह मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किए गए थे। मटका फोड़ प्रतियोगिता में युवा व बच्चे उत्साह से भाग लिए। वहीं कोरोना संक्रमण के कारण पिछ्ले तीन वर्षों से मटका फोड़ प्रतियोगिता जैसे सामूहिक आयोजन पर प्रतिबंध थे। पर इस वर्ष शहर के खास उत्साह देखा गया। लोग डीजे की धून पर नाचते गाते नजर आए। वहीं कई स्थानों पर संगठनों द्वारा मटकी फोड़ प्रतियोगिता में पुरस्कार भी रखे गए थे। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर पूरे दिन श्रद्धालु निर्जला रख कर रात 12 बजने का इंतजार करते रहे। रात 12 बजे भगवान का जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान श्रद्धालओं द्वारा अपने-अपने घरों में भी पूजा अर्चना की गई। भक्तों द्वारा भगवान बाल गोपाल को दूध, शहद, दही से स्नान कराया गया और विशेष श्रृंगार कर झुला झुलाया गया। झुले का श्रद्धालुओं द्वारा आकर्षक रूप से सजाए गए थे।

## शासन की आदेश की प्रतियों जला कर पेंशनरों ने जताया विरोध

-नगर संवाददाता-

**अम्बिकापुर, 19 अगस्त 2022(घटती-घटना)।** छत्तीसगढ सरकार द्वारा राज्य के पेंशनरों को बकाया 17 प्रतिशत महंगाई राहत देने के बजाय मात्र 5 प्रतिशत महंगाई राहत आदेश जारी किया गया उसमें भी एरियर्स की डंडी मार दिया गया। शासन की इस हठवादिता पूर्वक आदेश की प्रतियों की होली जला कर घड़ी चौक पर छत्तीसगढ़ राज्य संयुक्त पेंशनर फेडरेशन से जुड़े विभिन्न पेंशनर संघ के पेंशनरों एवं पदाधिकारियों के द्वारा विरोध प्रकट किया गया तथा शासन से मांग किया गया की तत्काल देश के विभिन्न राज्यों एवं केंद्र के पेंशनरों के समान केंद्रीय दिनांक से 34 प्रतिशत महंगाई राहत आदेश जारी करें। पेसनर्स संघ के सदस्यों ने यह भी मांग किया कि मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 49(6)की बाध्यता को तत्काल समाप्त किया जाए तथा प्रदेश के पेंशनरों को प्रताड़ति एवं परेशान करना बंद किया जाए। इस अवसर पर भारतीय राज्य पेंशनर महासंघ छ. ग. के प्रदेश सचिव प्रदीप सोनी, छत्तीसगढ पेंशनर कल्याण संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष अनंत सिन्हा एवं सुरेश शर्मा, रंजीत सारथी, मोहम्मद हफीज, सालिगराम सोनी, शिवानंद मिश्रा, उपेंद्र गुप्ता, चंद्रमा पाठक, एस एन मंडल, श्यामजी गुप्ता, रणविजय सोनी,अब्दुल खान, चंद्रमा पाठक, एन आर भर्ती, जवाहिर जायसवाल, प्रकांत सिन्हा, सिद्धेश्वर प्रसाद सिन्हा, परमहान सींह, एस पी सिन्हा, रवी, पांडेय जी एवम तिवारी जी सहित काफी संख्या में पेंशनर उपस्थित थे। इस आशय की जानकारी संयुक्त रूप से भारतीय पेंशनर महासंघ के प्रदेश सचिव प्रदीप सोनी एवं छत्तीसगढ प्रगतिशील पेनासनर्स कल्याण संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष अनंत सिन्हा ने संयुक्त रूप से दी।



## किराना दुकान में रखकर की जा रही थी अंग्रेजी शराब की बिक्री,संचालक गिरफ्तार

-नगर संवाददाता-

**अम्बिकापुर, 19 अगस्त 2022(घटती-घटना)।** एक व्यक्ति द्वारा किराना दुकान में अंग्रेजी शराब बिक्री की जा रही थी। सूचना पर मणिपुर चौकी पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके कब्जे से 7 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

शहर के मणिपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम भिट्टीकला में किराना दुकान संचालक विनोद राजवाड़े द्वारा दुकान में रख कर अंग्रेजी शराब की बिक्री की जा रही थी। मुखबिर की सूचना पर मणिपुर चौकी पुलिस ने किराना दुकान में दबिश देकर 7 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी विनोद राजवाड़े के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। कार्रवाई में चौकी प्रभारी मणीपुर उपनिरीक्षक सरफराज फिरदौसी, प्रधान आरक्षक सतीश सिंह, महेश्वर सिंह, आरक्षक अतुल शर्मा, मुकेश चौधरी शामिल रहे।



### ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर

## कुसमी में कृष्ण कुंज योजना का स्थान परिवर्तन पर जताई नाराजगी

-उपेश सिन्हा-

**कुसमी , 19 अगस्त 2022(घटती-घटना)।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हरीश मिश्रा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि मुख्यमंत्री के द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी के दिन कृष्ण कुंज योजना की शुरुआत नगरीय क्षेत्र से करनी थी और तैयारी भी नगरीय क्षेत्र में पहले से किया गया था, लेकिन आज अचानक से कुसमी नगर पंचायत वनविभाग और हिंडाल्को के अधिकारियों ने आपस मे मिलकर कुसमी की जगह सेमरा ग्राम पंचायत से इस योजना की शुरुआत कर दी जो शासन के निर्देश के विपरीत है , हरीश मिश्रा जी यह कहा कि शासन के निर्देशानुसार कृष्ण जन्माष्टमी के दिन तक कृष्ण कुंज का निर्माण पूर्ण कर आज वृक्षारोपण कर लोकार्पण किया जाना था ,परन्तु दर्जन भर अधिकारी कर्मचारी और चंद लोगों की उपस्थिति में वृक्षारोपण कराया गया,जिस पंचायत में यह कार्यक्रम हुवा वहा के सरपंच,वार्ड पंच,एवम सचिव तक को कोई जानकारी नहीं दी गई और न ही प्रेस,मीडिया के साथियों को भी इसकी जानकारी दिया गया, ताकि इनकी गलतियों का पर्दाफाश न हो जाए,इस तरह अधिकारियों ने राज्य शासन के आदेश की अवहेलना कर माननीय मुख्यमंत्री जी की महत्कांक्षी योजना की धज्जियां उड़ाने में लगे है। जिसकी शिकायत ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हरीश मिश्रा के द्वारा माननीय मुख्यमंत्री जी, जिले के प्रभारी मंत्री एवम नगरीय निकाय मंत्री शिव कुमार डहरिया ,स्थानीय विधायक एवम संसदीय सचिव चिंतामणि महराज से भी की जावेगी,और ऐसे अधिकारी जो शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं की मट्टी पलीद करने में ज्यादा रुचि ले रहे है उन पर निमानुसार शख्त कार्यवाही हेतु ब्लाक कांग्रेस संगठन के माध्यम से अनुशंसा भी करेगी।

## मासूम बेटी की नाक पर मुक्का मारकर पिता ने की हत्या

-नगर संवाददाता-

**अम्बिकापुर, 19 अगस्त 2022(घटती-घटना)।** रात में बार-बार रो रही 3 साल की मासूम बेटी की नाक पर पिता मुक्का मारकर हत्या कर दी। इसके बाद अपना गुनाह छिपाने पत्नी के साथ मिलकर उसका शव नदी में फेंक दिया। यही नहीं, पिता ने थाने में जाकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी मासूम बेटी को सोते समय कोई अपहरण कर ले गया है। पुलिस ने जब जांच शुरु की तो मामला कुछ और निकला। कड़ाई से पूछताछ में पिता ने हत्या की बात स्वीकार कर ली। इसके बाद पुलिस ने आरोपी पति-पत्नी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।



मैनपाट के केसरा पथरी निवासी प्रमोद मांझी अपनी पत्नी सुमित्रा और 3 साल की बेटी के साथ 15 अगस्त की रात सो रहा था। इस दौरान बेटी बार-बार रो रही थी। इससे गुस्से में आकर पिता ने उसकी नाक पर मुक्का मार दिया, इससे बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। बेटी की मौत के बाद पति-पत्नी हड़बड़ा गए।

जेल जाने के डर से उन्होंने बेटी के अपहरण की कहानी बना डाली और उसका शव ले जाकर घुनघुट्टा नदी में फेंक दिया। सुबह प्रमोद मांझी कमलेश्वरपुर थाना पहुंचा और पुलिस को बताया कि उसकी बेटी को रात में सोते समय कोई उठा ले गया है। शिकायत मिलते ही पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्चाधिकारियों को सूचित किया और जांच शुरु की।पुलिस ने गांव में जाकर मासूम के माता-पिता और पड़ोसियों का बयान लिया। इस दौरान यह बात सामने आई जो आरोपी माता-पिता ने पुलिस को नहीं बताया था। पुलिस ने जब कड़ाई से पूछताछ की तो प्रमोद मांझी ने बेटी की हत्या की बात स्वीकार कर ली। उसने पुलिस को बताया कि सोते समय बार-बार रोने से वह गुस्से में आ गया था और उसकी नाक पर मुक्का मार दिया था।

हत्या की बात स्वीकार कर लिए जाने के बाद पुलिस ने आरोपी पति-पत्नी को अपनी ही बेटी की हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने जब शव की खोजबीन की तो वह झाडियों में फंसा मिला।पुलिस ने दोनों को शुक्रवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। कार्रवाई में कमलेश्वरपुर थाना प्रभारी शिशिरकांत सिंह, एएसआई भूपेश सिंह, आरक्षक विकास, अमित विश्वकर्मा एवं विजय सक्रिय रहे। झ




## कृष्ण कुंज के अधोसंरचना विकास में अदाणी फाउंडेशन और आरआरवीयूएनएल का सहयोग

-नगर संवाददाता-

**अम्बिकापुर, 19 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा सांस्कृतिक परंपरा और जीवन उपयोगी वृक्षों के संरक्षण के लिए शुरु किये जा रहे ÷कृष्ण कुंज÷ परियोजना में अदाणी फाउंडेशन और राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (आरआरवीयूएनएल) ने मिलकर सहयोग प्रदान किया है। प्रदेश के दो जिला मुख्यालयों सरगुजा और सूरजपुर में अदाणी फाउंडेशन और आरआरवीयूएनएल द्वारा ÷कृष्ण कुंज÷ में कई अधोसंरचना विकास जैसे स्वागत द्वार, जमीन समतलीकरण, उपजाऊ मिट्टी की भराई इत्यादि के साथ परिसर में बोरवेल और पंप की स्थापना, क्यारी, ब्लॉक्स रोड, बगीचा की साज सज्जा, फाउंटेन निर्माण इत्यादि का कार्य पूरा किया गया है।

दोनों जिलों में आज श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर सुबह 11 बजे से उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। सरगुजा में लुंड्रा के विधायक डॉ प्रीतम राम ने उद्घाटन किया तो वहीं सूरजपुर में विधायक श्री खेलसाय सिंह द्वारा परिसर का शुभारम्भ किया गया। इस उपलक्ष्य में जिला कलेक्टर, वन अधिकारी, एडीएम, एसडीएम, तहसीलदार एवं अन्य प्रशासनिक तथा वानिकी अधिकारियों सहित आरआरवीयूएनएल और अदाणी इंटरप्राइजेज के अधिकारी मौजूद थे।

## अपनी कर्मठता व कार्यकुशलता से देश को आगे ले जा रहे मोदीःभगवान दास

-नगर संवाददाता-

**अम्बिकापुर, 19 अगस्त 2022(घटती-घटना)।** मोदी 20 सपनो को पूरा करता महानायक विषय पर आज संकल्प भवन भाजपा कार्यालय में आर. एस. एस. जिला संघ चालक भगवान दास बंसल व नगर के वरिष्ठ सी. ए. हरिशंकर जायसवाल के मुख्य आतिथ्य तथा भाजपा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह की अध्यक्षता में संगोष्ठी आयोजित की गई 7 इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम के विषय वक्ता व जिला संघ चालक भगवान दास बंसल ने कहा कि मोदी जी का व्यक्तित्व व उनका पारिवारिक व सामाजिक जीवन उन्हें अन्य राजनैतिक लोगों से भिन्न बनाता है, उनके 20 वर्षो के राजनितिक यात्रा में उनका जीवन चरित्र और निखर कर सामने आया है 7 एक साधारण व्यक्ति अपने त्याग, तप, कर्मठता व कार्यकुशलता से कैसे असाधारण व्यक्तित्व बन जाता है उसके प्रतीक हैं नरेन्द्र दामोदर दास मोदी 7 आगे उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी सफलता के सिखर पर होकर भी अपने आपको कभी चाय वाले का बेटा कहते हैं, कभी देश का चौकीदार कहते हैं तो कभी देश का प्रधान सेवक कहते हैं, देश के सवा सौ करोड़ देश वासियों का भरोसा यूं ही नहीं जीता उन्होंने, उनके लिए गये हर फैसले को देश की जनता ने सर आँखों पर लिया है हमें उन पर गर्व है ।




इस अवसर पर मोदी जी द्वारा लिए गए ऐतिहासिक फैसलों का जिक्र करते हुए कार्यक्रम के विषय वक्ता वरिष्ठ सी. ए. हरिशंकर जायसवाल ने कहा कि मोदी जी वास्तव में सपनो को पूरा करने वाले महानायक हैं, आज हर क्षेत्र में भारत की उतरोत्तर प्रगति के पीछे मोदी सरकार की कारगर व सफल नीतियां ही हैं 7 आगे उन्होंने कहा कि देश में इन्फ्रास्ट्रक्चर व सडकों का जाल हो, स्पेस, साइंस व टेक्नोलॉजी में भारत की उड़ान हो, सैन्य शक्ति का विस्तार हो या फिर आर्थिक मोर्चे पर भारत की प्रगति हो या फिर विश्व पटल पर भारत की सफल विदेश नीति हो, मोदी जी के नेतृत्व में देश लगातार मजबूत हो रहा है, मोदी है तो मुमकिन है यह सिर्फ नारा नही यथार्थ है 7

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह ने मोदीञ्च20 सपनो को पूरा करता महानायक नामक पुस्तक के विषय में प्रकाश डालते हुए कहा की अमेजन पर उपलब्ध यह पुस्तक 5 खंडो तथा 21 अध्यायों में है इसमें देश के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत विषय विशेषज्ञों ने मोदी जी के बारे में अपनी राय दी है, इसका अध्यन जरुर किया जाना चाहिए 7 इस अवसर पर कार्यक्रम प्रस्तावना उद्बोधन रखते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष व कार्यक्रम प्रभारी विनोद हर्ष ने कहा कि मोदी 20 में मोदी जी के 20 वर्षो के राजनैतिक जीवन यात्रा का सार है 7 वर्ष 2001 से 2021 तक के उनके राजनैतिक कार्यकाल में उन्होंने अनेक उपलब्धियां हांसिल की है, उनकी प्रत्येक उपलब्धि में राष्ट भक्ति के माध्यम से जन सेवा उनका मूल मंत्र रहा है 7 कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला संवाद प्रमुख सन्तोष दास ने तथा आभार प्रदर्शन भाजपा जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता ने किया।




## आईजी, कलेक्टर व एसपी ने किया बाल संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण

-नगर संवाददाता-

**अम्बिकापुर, 19 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।** पुलिस महानिरीक्षक श्री अजय कुमार यादव, कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार व पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता ने शुक्रवार को गंगापुर स्थित बाल संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संप्रेक्षण गृह में रह रहे बालकों को बुरी आदत छोड़कर नए सिरे से जीवन की शुरूआत कर समाज में अच्छे नागरिक बनने की समझाइश दी। उन्होंने संप्रेक्षण गृह की व्यवस्था का अवलोकन किया और व्यवस्थित मिलने पर संतोष व्यक्त किया। पुलिस महानिरीक्षक श्री यादव ने बालकों से उनके प्रकरणों के बारे में पूछ-ताछ कर जानकारी प्राप्त की तथा उन्हें एक अच्छे नागरिक बनने की समझाइश दी। उन्होंने कहा कि पिछली गलतियों की पुनरावृत्ति न करें आगे सुधार की बहुत गुंजाईश है। पढाई-लिखाई करें या कोई भी रोजगार शुरू कर सकते हैं। इसके लिए प्रशासन भी मदद करेगा। उन्होंने संप्रेक्षण गृह के बालकों के लिए कौशल उन्नयन संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम निरंतर जारी रखने के निर्देश जिला महिला बाल विकास अधिकारी को दिए। इसी प्रकार सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए होम गार्ड की संख्या बढ़ाने के भी निर्देश दिए।

इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री विनय कुमार लंगेह, नगर निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगई, अपर कलेक्टर श्री एएल ध्रुव, एसडीएम श्री प्रदीप साहू, तहसीलदार श्री भूषण मण्डावी, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री बसंत मिंज सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

### न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-2 जिला-सरगुजा (छ0ग0)

रा0प्र0क्र0 202208021700010/ अ-27/2021-22

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका समुन्द्री राजवाड़े पति स्व0 सुखनाथ राम, व अन्य 03, निवासी ग्राम सोनपुरकला, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम सोनपुरकला स्थित भूमि कुल खसरा नम्बर 12,कुल रकबा 1.998 हे0 भूमि का अनावेदक हरि प्रसाद राजवाड़े आ0 स्व0 सुखनाथ राम के मध्य 1/5 भाग में बंटवारा करने हेतु छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 178 के तहत् आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपति हो तो पेशी दिनांक 16/09/2022 तक इस न्यायालय में स्वयं अथावा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 10/08/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा से जारी।

सील

नायब तहसीलदार
अम्बिकापुर-2

### न्यायालय तहसीलदार लटोरी तहसील लटोरी जिला सूरजपुर (छ0ग0)

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0 202208262100007/अ-21/2021-22

सर्व साधारण ग्रामवासी निवासी ग्राम रविन्द्रनगर को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सुभाष मित्रा आ0 सुरेश मित्रा जाति नमोशुद्र निवासी ग्राम रविन्द्रनगर तहसील लटोरी जिला सूरजपुर ने अपने खाते के पुर्नवास विभाग से प्राप्त भूमि स्वामी हक की भूमि ग्राम रविन्द्रनगर तहसील लटोरी स्थित भूमि खसरा नम्बर 420/4, 420/6 रकबा 0.45, 0.07 हे0 भूमि में से रकबा 0.17, 0.07 अर्थात 60 डिसमील भूमि को अनावेदक क्रेता श्री अभिलेष गर्ग आ0 राजकुमार अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी ग्राम अम्बिकापुर जिला सरगुजा के पास 6,84,000-रूपये (छः लाख चौरासी हजार रू0) में विक्री करने हेतु तय हुआ है। जिसमें 3,00,000- रूपये अग्रिम राशि प्राप्त कर लिया गया है। आवेदित भूमि पुर्नवास विभाग से पट्टे पर प्राप्त भूमि है उक्त भूमि को विक्रय करने हेतु अनुमति बावत आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय सूरजपुर को प्रस्तुत की है जो जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआा है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में 05-09-2022 को उपस्थित हो कर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। इस तिथि के बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05-08-2022 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया।

सील

तहसीलदार लटोरी
जिला-सुरजपुर(छ.ग.)

# क्या व्यापार संघ के आड़ में अधिकारियों पर दबाव बना कर लिया जा रहा काम?

**» सप्लाई के लिए संघ के नाम पर दबाव से अन्य व्यापारी भी परेशान।**
**» कई व्यापारियों को नही मालूम कहां होता है संघ के नाम का दूरूपयोग।**

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर 19 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।
जिला मुख्यालय में व्यापारियों की समस्या दूर करनें के लिए बनाया गया व्यापार संघ चंद पदाधिकारियों के हाथ की कठपूतली बनकर रह गया है। संघ के कुछ जिम्मेदार पदाधिकारी अब गलत ढंग से संघ का इस्तेमाल करने में लगे हैं, उनके द्वारा शासकीय कार्यालयों में जाकर स्वयं को व्यापार संघ का सर्वेसर्वा बतलाकर सामग्री सप्लाई के लिए दबाव बनाया जाता है। जिस बात की भनक स्थानीय व्यापारियों को तनिक सी भी नही है। जिम्मेदार पदाधिकारियों द्वारा चंद व्यापारियों को साथ लेकर इसे पूरे शहर के व्यापारियों की आवाज बताई जाती है लेकिन हकीकत यह होती है कि इसकी जानकारी शहर के 90 प्रतिशत व्यापारियों को नही होती।
किसी भी शहर में व्यापार संघ का गठन इसलिये किया जाता है कि उसके माध्यम से व्यापारियों की समस्या को खत्म किया जा सके व्यापारी के सुख-दुःख में शामिल हो सकें। लेकिन इसके उलट बैकुंठपुर में व्यापार संघ व्यापारियों की समस्या सुलझाने तो दूर अडंगा लगाने के लिए प्रसिद्व हो गया है। हर जगह अपनी जबरन उपस्थिति के नाम पर वाहवाही लूटने का प्रयास स्थानीय व्यापार संघ करता है जिसकी हर जगह किरकिरी हो रही है। बताया जाता है कि जिला विभाजन के मुद्वे पर बनाया गया कोरिया बचाव मंच में भी व्यापार संघ के चंद लोग पहुंचकर मंच को हाईजेक करने की कोशिश में लगे थे लेकिन मंच के लोगो के आगे दाल नही गल सकी। क्योंकि मंच के नेता इस बात से वाकिब थे कि व्यापार संघ गिनती के चार-पांच लोगो का समूह बनकर रह गया है इसके बावजूद धरनास्थल पर रोज पहुंचकर वाहवाही लूटने में व्यापार संघ के तथाकथित पदाधिकारियों ने कोई कसर नही छोड़ी। शहर में चौड़ीकरण के मुद्वे पर टांग अड़ाने में भी स्वार्थवष व्यापार संघ के पदाधिकारी ने जिस प्रकार अपनी भूमिका निभाई थी उससे स्थानीय व्यापारी अच्छे से परिचित हैं इसके बाद ही शहर के व्यापार संघ से अधिकांष व्यापारी वर्ग दूर हुआ और आज यह चंद गिनती के लोगों का समूह बनकर रह गया है।

### चौड़ीकरण में अड़ंगा से व्यापारी आक्रोषित

शहर का एक बहुत बड़ा व्यापारी वर्ग सड़क चौड़ीकरण न होने देने से व्यापार संघ के प्रति आक्रोषित है स्थानीय नागरिक भी चौड़ीकरण न होने का खामियाजा भुगत रहे हैं जिसके लिए सिर्फ और सिर्फ व्यापार संघ को जिम्मेदार मानते हैं। बतलाया जाता है कि व्यापार संघ अपने मूल उद्वेष्य से भटक गया है संघ में गिनती के लोग बचे हैं और उनका काम कुछ विषेष मुद्वो पर खुद को आगे लाकर काम अटकाने तक ही सीमित रह गया है। तो वहीं स्थानीय व्यापारियों व कुछ अधिकारियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि कुछ लोग व्यापार संघ के नाम पर उनके पास आते हैं और उन पर गलत ढंग से दबाव बनाते हैं कहा जाता है कि यहां संघ पदाधिकारियों के द्वारा ही अधिकांष जगह सप्लाई का काम किया जाता है हमारे माध्यम से सप्लाई करने पर कहीं कोई दिक्कत नही होगी राजनैतिक संरक्षण भी दिया जायेगा। खुलकर साथ में काम कीजिये बाकी कोई परेषानी नही होगी। एक अधिकारी ने बताया कि एक व्यक्ति उनके कार्यालय में आकर खुद को व्यापार संघ का सर्वेसर्वा बतलाता है और कहता है कि आपके कार्यालय में लगने वाली हर जरूरत की सामान वो खुद की फर्म से दे सकता है। अधिकारी ने बताया कि व्यापारी का कहना होता है कि यहां अन्य दूसरे व छोटे व्यापारी को पनपने नही दिया जायेगा इसलिए ज्यादा अच्छा है कि सप्लाई आर्डर उन्हे दिया जाये। सामग्री सप्लाई का काम न देने पर या अन्य दुकानों से लेने पर आरटीआई लगाकर व अन्य राजनैतिक तरीके से परेशान करने की धमकी भी दी जाती है। एक अधिकारी ने बताया कि व्यापार संघ के प्रतिनिधि के द्वारा खुद को स्थानीय विधायक का खास बतलाकर सप्लाई के लिए दबाव बनाया जाता है। इस बारे में स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि व्यापार संघ के बहाने पदाधिकारियों द्वारा क्या गलत किया जा रहा है यह तो जानकारी में नही है लेकिन संघ का नाम लेकर सप्लाई के लिए दबाव बनाना एकदम गलत है। व्यापारियों का कहना है कि शहर के व्यापारी चौड़ीकरण न होने से खुद परेशान रहते हैं व्यापार भी चौपट हो गया है। व्यापार संघ को चाहिये कि वह इस पर विचार करे कि चौड़ीकरण कैसे भी करके हो सके लेकिन इससे उलट यदि गलत काम किया जा रहा है तो इसकी जितनी निंदा की जाये कम है।

# सहकारी समिति में सरपंच,उप सरपंच सहित अन्य ने कर्मचारियों से की मारपीट

**सहकारी समिति में कर्मचारियों से सरपंच,उप सरपंच सहित अन्य ने की मारपीट,कार्यालय में किया तोड़फोड़ और 5 हजार लूट के घटना को दिया अंजाम**

-नगर संवाददाता-
सूरजपुर, 19 अगस्त 2022(घटती-घटना)।
प्रेमनगर विकास खंड के एक सहकारी समिति में गांव के सरपंच, उप सरपंच सहित अन्य गुर्गों द्वारा शराब के नशे में खाद की मांग को लेकर खाद वितरण कर रहे कर्मचारियों पर लाठी डंडे से पिटाई कर दफ्तर में तोड़ फोड़ करने व शासकीय राशि लूटने का सनसनी खेज मामला सामने आया है। गौरतलब है कि प्रेमनगर विकास खण्ड के ग्राम कंचनपुर सहकारी समिति में प्रतिदिन के माफिक किसानों को स्टॉक अनुसार रासायनिक उर्वरक की वितरण किया जा रहा था कि 18 अगस्त दिन गुरुवार के शाम के 4 -5 के बीच में खाद का वितरण मौजद किसानों किया जा रहा था कि तभी ग्राम कंचनपुर के सरपंच सहोदर सिंह, उप सरपंच भगवान सिंह, साथी सुधु सिंह, ग्राम खजूरी निवासी तेजु सिंह, सहित अन्य 10 गुर्के और थे। जिन्होने मारपीट की घटना को अंजाम दिया। साथ ही समित्ति



कार्यालय में रखे पोश मशीन को तोड़ दिया गया और कार्यालय के कई समानों से तोड़ फोड़ की गई है। आरोपियों द्वारा समित्ति की राशि 5 हजार रुपये जिसे कर्मचारी रवि शँकर राजवाड़े द्वारा रखा गया था। जिसको दौड़ा कर मारपीट करते हुए पैकेट में रखे राशि को लूट लिया गया है।
इस दौरान समिति में कार्यरत कर्मचारी रवि शंकर राजवाड़े, संजय साहू, देववन सिंह, चंदर प्रकाश यादव, संदीप साहू, सत्यम पांडेय कार्यालय में मौजूद थे इस दौरान सभी से मारपीट की घटना होना कर्मचारियों द्वारा बताया गया है। जिसकी लिखित शिकायत देर शाम प्रेमनगर थाना में दिया गया है और अपराध दर्ज करने की मांग की गई है। इस सम्बंध में प्रेमनगर थानां प्रभारी बिपिन लड़का ने बताया कि शिकायत आई है। मामले की जांच की जा रही है जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी ।

# दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी 10 सितंबर को करेंगे रविंद्र चौबे के निवास का घेराव

-नगर संवाददाता-
वाड्रफनगर, 19 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।
दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी छत्तीसगढ़ सरकार के चौथे मंत्री श्री रविंद्र चौबे के निवास का घेराव 10 सितंबर को करेंगे जानकारी देते हुए संभाग अध्यक्ष सरगुजा के प्रवीण कुमार सिंह ने कहा कि भूपेश सरकार ने फिर से दैनिक वेतन भोगियों को ठगा संभाग अध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह ने कहा कि पूरा देश 76 वें स्वतंत्रता दिवस तथा आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा था चारो दिशा में खुशी ही खुशी दिख रहा था छत्तीसगढ़ राज्य के लगभग 25 से 30 हजार दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी आज भी मायूस और चिंता की मुद्रा में हैं विगत कई वर्षों से चली आ रही नियमितीकरण की मांग पूरा नहीं हुआ वेतन भोगी कर्मचारियों द्वारा नियमितीकरण की मांग को लेकर लगातार सरकार से गुहार लगा रहा है किंतु भूपेश सरकार इस दिशा में निरंकुश बैठी है वर्तमान में भूपेश सरकार ने भी नियमितीकरण के ज्वलंत मुद्दे को लेकर अपनी राजनीतिक फायदा के लिए जन घोषणा पत्र में शामिल किया था साथ ही हाथ में गंगाजल लेकर



10 दिवस के भीतर नियमितीकरण का वादा किया था इसका फायदा सरकार को मिला और पूर्ण बहुमत से कांग्रेस सरकार बनी किंतु सरकार के बनते ही कांग्रेश सरकार ने अपने वादे को भूल गई दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को बेवकूफ बनने के लिए मात्र एक समिति का गठन कर दिया गया और समिति द्वारा आज तक सरकार को रिपोर्ट नहीं मिलने का कारण बताकर सरकार नियमितीकरण को टालमटोल कर रही है संघ के अध्यक्ष श्री प्रवीण कुमार सिंह कहा कि नियमितीकरण के मुद्दे को लेकर वर्तमान मैं तीन मंत्रियों के निवास घेर कर सीधे मंत्रियों से जवाब मांगा गया था उनके द्वारा नियमितीकरण का प्रस्ताव शासन के समक्ष रखने का आश्वासन दिया गया उन्होंने कहा कि 10 सितंबर 2022 को चौथे मंत्री श्री रविंद्र चौबे का पूरे छत्तीसगढ़ के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों द्वारा निवास का घेराव कर नियमितीकरण की मांग किया जाएगा इसके बाद भी नहीं होने पर संघ द्वारा जल्द ही काम बंद कर उग्र आंदोलन किया जाएगा जिसकी संपूर्ण जवाबदारी सरकार की होगी।



# डिलीवरी के लिए आई महिला सहित बच्चे की मौत

-नगर संवाददाता-
कोरबा, 19 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।
जिला अंतर्गत कोसाबाड़ी क्षेत्र में जिले के चर्चित बड़े हॉस्पिटल में जिला जांजगीर चांपा के ग्राम कोसमंदा से डिलीवरी के लिए आई हुई महिला को कोसा बाड़ी चौक में स्थापित चर्चित हॉस्पिटल के डॉक्टर की लापरवाही से इंजेक्शन लगाने पर मां बच्चे की मौत हुई जानकारी के मुताबिक प्रतिष्ठित परिवार की बहू की मौत ने झकझोर कर रख दिया है परिवारजनों का आरोप है कि, गलत इंजेक्शन लगाने वाले डॉक्टर व हॉस्पिटल के विरुद्ध पुलिस में शिकायत की गई है रामपुर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार साहू का कहना है कि ,मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है।

# सक हादसे में घायल 16 लोगों की सूरजपुर पुलिस की हाइवे पेट्रोलिंग टीम ने बचाई जान

**अधिकारी व जवानों के मनोबल को बढ़ाने पुलिस अधीक्षक ने दिया नगद ईनाम**

-नगर संवाददाता-
सूरजपुर, 19 अगस्त 2022(घटती-घटना)।
जिले में लगातार हाइटेक सुविधाओं से लैस हाइवे पेट्रोलिंग वाहन निरंतर कार्यरत् हैं। इस वर्ष अब तक सड़क हादसे में घायल 16 लोगों को समय पर अस्पताल में भर्ती कराकर टीम ने घायलों को दूसरा जीवन देने का काम किया है। यही नहीं, हाइवे पर लगने वाले जाम को भी हटवाकर यातायात बहाल रखने का काम किया जा रहा है।
सूरजपुर से गुजरने वाले एनएच 43 में सड़क हादसे में घायलों को तत्काल सहायता मुहैया कराने, यातायात जाम क्लियर कराने के साथ अवरोधकों को हटाने के उद्देश्य से अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस 1 हाइवे पेट्रोलिंग वाहन संचालित हैं। ये वाहन मुख्यतः सूरजपुर, विश्रामपुर व जयनगर थाना क्षेत्र में 24 घंटे उपस्थित रहता है। हाइवे में संचालित हाइवे पेट्रोलिंग टीम सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को उपचार के लिए तत्काल नजदीकी अस्पताल तक पहुंचाने का काम लगातार करती आ रही है। संजीवनी 108 एंबुलेंस की तर्ज पर सड़क हादसे में घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचाकर उनकी जान बचाने में हाईवे पेट्रोलिंग वाहन काफी उपयोगी साबित हुआ है।
पुलिस अधीक्षक ने बताया कि हमारे लिए हर एक व्यक्ति की जान कीमती है, यातायात प्रभारी बृजकिशोर पाण्डेय की देखरेख में संचालित हाईवे पेट्रोलिंग के द्वारा निरंतर अपने बीट में भ्रमण कर यातायात व्यवस्था बनाने के साथ ही सड़क दुर्घटना घटित होने की



सूचना पर फौरन मौके पर पहुंचकर घायलों को प्राथमिक उपचार के देने के साथ ही नजदीक के स्वास्थ्य केन्द्र में पहुंचाते हुए संबंधित के परिजनों को सूचित भी किया जा रहा है। इस टीम के द्वारा अपने कर्तव्यों के निर्वहन के साथ ही जीवन बचाने का नेक कार्य भी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हाईवे पेट्रोलिंग में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारियों के निष्ठापूर्वक कार्य पर उन्हें नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया है।

### इन लोगों की बचाई गई जान

हाईवे पेट्रोलिंग में तैनात अधिकारी-कर्मचारियों के द्वारा जिले सहित दूसरे प्रदेश के रहने वाले भोले सिंह, ओमकार साहू, महेश राजवाड़े, राजलाल किण्डो, इजहार, मनू, सबनम परवीन, मोनू कुमार, आसन कुमार, सोनू सिंह सहित 6 अन्य लोगों की सड़क दुर्घटना होने की सूचना पर कम समय में मौके पर पहुंचकर घायलों को प्राथमिक उपचार देने के साथ ही बेहतर उपचार हेतु अस्पताल पहुंचाया गया और जान बचाई गई।

### इस संसाधनों से लैस हैं हाईवे पट्रोलिंग वाहन

हाइवे पेट्रोलिंग वाहन सभी अतिआधुनिक एवं तकनीकि संसाधनों से लैस हैं। इनमें जीपीएस सिस्टम, ब्रीथ एनालाईजर(एल्कोमीटर), स्मार्ट फोन, रिफ्लेक्टर जैकेट, रेनकोट, एलईडी बेटन, एलईडी लाईट, पी.ए. सिस्टम एवं सायरन, वायरलेस सेट, डिजिटल कैमरा, फर्स्ट एड बॉक्स, अग्नि शमन यंत्र, सर्ट लाईट, टूल किट (टोइंग हेतु), स्ट्रैचर की सुविधा उपलब्ध है।

# सीएसपी कोरबा ने रात्रि गश्त के दौरान असामाजिक तत्वों पर की कार्यवाही

-नगर संवाददाता-
कोरबा, 19 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।
बेवजह रात में घुम कर आवारागर्दी करने वाले असामाजिक तत्वों पर सीएसपी कोरबा योगेश साहू ने जोनल गश्त के दौरान रात 1:00 से 3:00 के मध्य शहर के निहारिका क्षेत्र में सघन चेकिंग कर कार्यवाही की। रात में बेवजह घूमने वाले अपराधी किस्म के लोगो पर शिकजा कसने,अपराध में नियंत्रण लाने,आवारागर्दी करने वाले लड़के जो रात में नशा कर घुमते है उन पर कार्यवाही की गई।साथ ही साथ आने जाने वाले विभिन्न वाहनों की तलाशी ली गई। चेकिंग के दौरान नशे की हालत घूमने वालों के ऊपर ड्रंकन ऐण्ड ड्राइव के तहत कार्यवाही करते हुए वाहन जप्त किया गया। ट्रिपल



सवारी घूमने वाले लड़कों व अन्य असमाजिक तत्वो पर कार्यवाही की गयी। कुछ लोगों को हिदायत देकर छोड़ा गया ,साथ ही कुछ फैमिली वाले देर रात घुमते पाये गये, उन्हे भी ही समझाईश देकर घर वापस भेजा गया। रात्रि गस्त के दौरान उनि नवल साव,सउनि परमेश्वर राठौर,सउनि इमरान खान, सउनि मनोज मिश्रा एवं अन्य स्टाफ उपस्थिति रहे।

# ज्यादा फीस वसूली पर जांच के आदेश

-नगर संवाददाता-
कोरबा, 19 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।
जिले के कुछ सरकारी स्कूलों में शासन द्वारा निर्धारित शुल्क से अतिरिक्त राशि लेने के मामले में की गई शिकायत पर कलेक्टर के निर्देश उपरांत जांच के आदेश जारी कर दिए गए हैं। सहायक संचालक जिला शिक्षा अधिकारी बी किस्पोट्टा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी करतला को जिला शिक्षा अधिकारी जीपी भारद्वाज ने जांच हेतु निर्देशित किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि, छग शासन स्कूल शिक्षा विभाग के अपर सचिव सरोज उइके के आदेश 30 दिसंबर 2021 एवं जिला शिक्षा अधिकारी जिला कोरबा के आदेश 4 जुलाई 2022 के तहत कक्षा नवमीं एवं दसवीं के छात्र-छात्राओं से कुल 380 रुपए एवं कक्षा 11वीं 12वीं के छात्र छात्राओं से 415 रुपए लिए जाने का प्रावधान है। साथ ही कॉमर्स विषय के छात्र-छात्राओं से 345 रुपए लिया जाना है लेकिन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पीडब्ल्यूडी रामपुर, कोरबा, नोनबिर्रा (करतला), कुसमुण्डा में प्रति छात्र 100 रुपए से 250 रुपए अतिरिक्त प्रवेश शुल्क लिया जा रहा है। इसकी जांच हेतु अधिकारी द्वय को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। विद्यालय के शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं से लिखित में बयान लेकर विस्तृत जांच कर प्रतिवेदन एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करने निर्देशित किया गया है। बता दें कि इस मामले में समाजसेवी मनीराम जांगड़े के द्वारा शिकायत जिला से लेकर राज्य स्तर तक की गई थी। इसी तरह करतला ब्लाक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नोनबिर्रा के कक्षा 12वीं उत्तीर्ण कर चुके विद्यार्थियों से टीसी देने के नाम पर 90-90 रुपए अतिरिक्त लिए गए हैं। इनसे 110 रुपए माइग्रेशन सर्टिफिकेट के नाम पर लिया जाना था किन्तु 200-200 रुपए लिए गए। प्राचार्य श्री धृतलहरे ने 90 रुपए अतिरिक्त लेना स्वीकार भी किया। शिकायत पर संज्ञान लेते हुए जांच हेतु आदेशित किया गया है।

# 2 शातिर अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर गिरफ्तार

**दो लाख 20 हजार का गांजा बरामद।**
**तस्कर गांजे को अम्बिकापुर से बनारस लेकर जा रहे थे।**
**पुलिस अधीक्षक ने तत्परतापूर्वक कार्यवाही पर टीम को किया पुरस्कृत।**

-नगर संवाददाता-
सूरजपुर, 19 अगस्त 2022(घटती-घटना)।
पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू के सख्त निर्देश के बाद नशे के अवैध कारोबारियों के विरूद्ध पुलिस की लगातार एक के बाद एक बड़ी कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में चौकी रेवटी पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर उत्तरप्रदेश के 2 शातीर गांजा तस्करों को पकड़ा है जिनसे 11 किलो गांजा जप्त किया गया है। तस्कर गांजा को अम्बिकापुर से बनारस ले जा रहे थे।



गुरूवार को चौकी प्रभारी रेवटी सुनील सिंह को मुखबीर से सूचना मिला कि एक मोटर सायकल में 2 गांजा तस्कर अम्बिकापुर से बनारस की ओर गांजा लेकर जा रहे है। एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह के मार्गदर्शन में सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए चौकी रेवटी पुलिस ने बनारस मुख्य मार्ग के ग्राम भेड़िया में घेराबंदी कर मोटर सायकल सहित नीरज सिंह पिता जीत बहादूर सिंह उम्र 32 वर्ष निवासी नीबाबल, थाना लालगंज, जिला मिर्जापुर उत्तरप्रदेश एवं बबलेश कोल पिता रामधनी कोल उम्र 27 वर्ष ग्राम खरीहट कला, थाना लालगंज, जिला मिर्जापुर उत्तरप्रदेश को पकड़ा।

### बड़ी सफाई से छिपाकर रखे थे गांजा

पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से 4 किलो गांजा जप्त किया और गांजा के बारे में कड़ी पूछताछ करने पर आरोपियों ने बताया कि मोटर सायकल की सीट में और गांजा छिपाकर रखे है जिसके बाद पुलिस ने और 7 किलो गांजा बरामद किया। आरोपियों ने बड़ी सफाई के साथ मोटर सायकल की सीट के नीचे बड़े शातिराना तरीके से गांजा छिपाकर रखा था ताकि इसकी भनक किसी को न लग सके।
मामले में आरोपियों से कुल 11 किलो मादक पदार्थ गांजा कीमत करीब 2 लाख 20 हजार रूपये एवं परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल जप्त कर धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी रेवटी सुनील सिंह, प्रधान आरक्षक अखिलेश यादव, प्रदीप उपाध्याय, आरक्षक शैलेन्द्र सिंह, तिरथ राजवाड़े, निर्मल राजवाड़े, जयजीत, सैनिक रामा शंकर व प्रेम सिंह सक्रिय रहे।

### पुरस्कृत हुआ टीम

पुलिस अधीक्षक सूरजपुर ने चौकी रेवटी पुलिस टीम को गांजा तस्करों के विरूद्ध तत्परतापूर्वक कार्यवाही करने पर उनके उत्साहवर्धन के लिए 500 रूपये के नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया है।

# शालेय शिक्षक संघ ने शिक्षकों के हड़ताल अवधि के वेतन कटौती पर रोक लगाने कलेक्टर और डीईओ को दिया ज्ञापन

**अतिरिक्त कक्षाएं लगाकर हड़ताल अवधि में हुए पढ़ाई के नुकसान की भरपाई कर रहे शिक्षक**
**अतिरिक्त कक्षाएं लगाने के बाबजूद भी शिक्षकों के वेतन कटौती की तैयारी,यह शिक्षकों के साथ अन्याय एवं दोहरा दंड**

-नगर संवाददाता-
सूरजपुर, 19 अगस्त 2022(घटती-घटना)।
गुरूवार को शालेय शिक्षक संघ जिला ईकाई सूरजपुर के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष यादवेन्द्र दुबे के नेतृत्व में कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा और जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार राय से भेंट कर हड़ताल अवधि के वेतन कटौती पर रोक लगाने के संबंध में ज्ञापन सौंपा हैं । जिलाध्यक्ष यादवेन्द्र दुबे ने बताया कि लंबित महंगाई भत्ता व गृह भत्ता में वृद्धि करने की प्रमुख मांग को लेकर जिले के सभी विभागों के कर्मचारियों के साथ शिक्षा विभाग के भी समस्त शिक्षक संवर्ग के कर्मचारी प्रदेशव्यापी हड़ताल में सम्मिलित थे। जिसके कारण राज्य शासन द्वारा हड़ताल में सम्मिलित सभी अधिकारी - कर्मचारियों के अगस्त माह के वेतन से हड़ताल अवधि के वेतन कटौती करने का निर्देश दिया गया है । जबकि सूरजपुर जिला प्रशासन द्वारा हड़ताल वापसी के तत्काल पश्चात् 1 अगस्त 2022 को शिक्षा विभाग के समस्त अधिकारी - कर्मचारी की बैठक आयोजित कर छात्र हित में पूरे अगस्त माह प्रतिदिन



एक घंटा पन्द्रह मिनट अतिरिक्त कक्षाओं के संचालन का निर्देश दिया गया है । निश्चित ही यह जिला प्रशासन की एक अनूठी पहल है और स्वागत योग्य है और उक्त निर्देश का परिपालन कर, जिले के शिक्षकों द्वारा नियमित अतिरिक्त कक्षाओं का संचालन कर हड़ताल अवधि में हुए पढ़ाई के नुकसान की भरपाई भी की जा रही है,इसके बावजूद भी वेतन आहरण संवितरण अधिकारियों द्वारा जिले के शिक्षकों के अगस्त माह के वेतन से हड़ताल अवधि का वेतन कटौती कर कोषालय में वेतन बिल जमा करने की तैयारी की जा रही है। यदि अतिरिक्त कक्षाओं के संचालन के बावजूद भी शिक्षकों के हड़ताल अवधि का वेतन कटौती होता है ,तो यह शिक्षकों के साथ अन्याय एवं उनको दोहरा दंड देने जैसा होगा। कलेक्टर ने प्रतिनिधिमंडल से सौंपे गये ज्ञापन के संबंध में चर्चा के दौरान कहा कि वेतन कटौती का आदेश राज्य शासन का हैं, तो वेतन कटौती पर रोक राज्य शासन ही लगा सकती है। जिला प्रशासन द्वारा उक्त मांग से तत्काल राज्य शासन को अवगत कराने तथा जिला शिक्षा अधिकारी ने भी अपने अभिमत के साथ शिक्षा विभाग को पत्र प्रेषण कर छत्तीसगढ़ शासन को उपरोक्त सकारात्मक मांग से अवगत कराने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में प्रमुखतः नसीम अली अंसारी, मनोज साहू, गौतम शर्मा, अजीत गुप्ता, राकेश कुमार गौतम, मनोज जायसवाल, अनुरागवेन्द्र सिंह बघेल, कमल किशोर पाण्डेय, भगवान ठाकुर, संतोष भारती, मनीष राय, मुन्ना सोनी, राजेन्द्र जायसवाल,रजनीश तिवारी, छोटेलाल ठाकुर, लल्लू प्रसाद तिवारी, श्रीकांत पाण्डेय, भागीरथी साहू, चन्द्रकेशमणी शर्मा, देवसाय टेकाम, मुकेश दुबे, विनय चौरसिया, रामलल्लू साहू, दिलीप शर्मा, अमित सिंह, मनोज प्रजापति, शिवप्रताप सिंह, सेराज खान, रामगोपाल साहू आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार



### सड़क हादसे में जान गवाने वाले सिपाही को भूपेश बघेल ने दी श्रंद्धाजंलि

रायपुर, 19 अगस्त 2022। जगदलपुर में आज सुबह हुए भीषण सड़क हादसे में जान गंवाने वाले पांच लोगों में छत्तीसगढ़ पुलिस का एक कांस्टेबल अभिषेक सेठिया भी शामिल था। हादसे से पहले कांस्टेबल अभिषेक सेठिया का एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में जवान अभिषेक मुख्यमंत्री भूपेश को अपना मोटिवेशन बता रहा है।

इस वीडियो को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ट्वीट करते हुए जगदलपुर सड़क हादसे में मारे गए लोगों के प्रति शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा, राष्ट्रीय राज मार्ग पर जगदलपुर-मेटावाड़ा के पास सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मृत्यु का दुखद समाचार प्राप्त हुआ है। ईश्वर सभी दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करे। इस दुर्घटना में दिवंगत पुलिस कांस्टेबल अभिषेक सेठिया का यह वीडियो मैंने सोशल मीडिया के माध्यम से देखा था। **ओम शांति**

### बाइक, डीजल गोठान से छड़ चोरी, अज्ञात पर जुर्म दर्ज

महासमुंद, 19 अगस्त 2022। तुमगांव, तेन्दूकोना, कोमाखान थाना क्षेत्र सहित तीन स्थानों से बाइक, छड़ और खड़ी ट्रक से डीजल चोरी का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। तुमगांव पुलिस के अनुसार सिरपुर स्थित अंग्रेजी शराब दुकान में बीते 4 अगस्त को शराब खरीदने गए जिला मुंगेली के ग्राम सिलतरा निवासी सिंहनंदन साहू की बाइक क्रमांक सीजी 04 एनपी 0372 को अज्ञात ने चोरी कर ली। इसी तरह तेन्दूकोना थाना क्षेत्र के ग्राम कोटादादर स्थित गोठान में निर्माण हेतु रखे 7.30 क्विंटल छड़ कीमती 36 हजार रुपए को बीते 15-16 अगस्त की रात अज्ञात ने चोरी कर ली। पुलिस ने बिना बाई सोना की शिकायत पर जुर्म दर्ज किया है। इधर, कोमाखान थाना क्षेत्र के ग्राम सेनभांठा निवासी गजानंद साहू ने बताया कि उनके ब्यारे में खड़े ट्रैक्टर और जेसीबी से 100 लीटर डीजल कीमती 6 हजार 9 सौ रुपए अज्ञात ने 15 अगस्त की रात चोरी कर ली।

# बेरोजगारी को लेकर सीएम निवास घेरेंगे भाजपाई

## नेता प्रतिपक्ष चंदेल ने कांग्रेस सरकार पर साधा निशाना, कहा-वादे का क्या हुआ ?






रायपुर, 19 अगस्त 2022। भाजपा नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल की प्रेसवार्ता भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में हुई. उन्होंने प्रदेश में बेरोजगारी के मुद्दे पर कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा. चंदेल ने कहा, विधायक दल की बैठक में सर्वसम्मति से मुझे विधायक दल का नेता चुना गया. 24 अगस्त को भारतीय जनता युवा मोर्चा बेरोजगारी के मुद्दे पर रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेगी. प्रदेश के लाखों युवा बेरोजगार हैं, भाजयुमो बेरोजगार युवाओं के लिए जंगी प्रदर्शन करेगी.

नेता प्रतिपक्ष चंदेल ने कहा, कांग्रेस सरकार ने अपने घोषणा पत्र में युवाओं को रोजगार देने का वादा किया था. कांग्रेस ने 2,500 रुपए बेरोजगारी भत्ता देने का भी वादा किया था, क्या हुआ वादे का? चंदेल ने कहा, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार आने के बाद से प्रदेश की स्थिति बदतर हो गई है. कानून व्यवस्था पूरी तरीके से बिगड़ गई है, विकास के कार्य बंद हो गए हैं, किसान परेशान हैं. सरकार ने किसानों को बोनस राशि देने का वादा किया था, लेकिन कितनी राशि दी गई बताएं.

नेता प्रतिपक्ष चंदेला ने कहा, नकली खाद के कारण किसान काफी परेशान हैं. सरकार की धान खरीदी की व्यवस्था से किसान परेशान होकर अपना धान बेचा है. प्रदेश 51 हजार करोड़ रुपए के कर्ज में डूबा हुआ है. अब कर्ज के ब्याज को पटाने के लिए वापस कर्ज लेना पड़ रहा है, प्रदेश की आर्थिक स्थिति खराब है. पूरे प्रदेश में विकास के काम बंद है. राज्य अराजकता की ओर बढ़ रहा है. कानून व्यवस्था की स्थिति खराब है. इस सरकार ने जितना किसानों का अपमान किया उतना छत्तीसगढ़ बनने के बाद कभी नहीं हुआ था.

### गरीब परिवारों का हक छीन रही सरकार

चंदेल ने कहा, किसानों का कर्जा माफ नहीं हुआ. छत्तीसगढ़ के अन्नदाता परेशान हैं. छत्तीसगढ़ में लोकतंत्र की हत्या हो रही है..सरकार गरीब परिवारों का हक छीन रही है. छत्तीसगढ़ सरकार संवैधानिक संकट में फंसी हुई है. छत्तीसगढ़ में सियासत और रियासत की लड़ाई चल रही है. हर वर्ग कांग्रेस की सरकार से परेशान है. हमने तीर्थ यात्रा शुरु की थी, वो सरकार ने बंद कर दिया, राज्य की दुर्दशा कांग्रेस सरकार ने की है. आगामी 2023 में सरकार के असली चेहरे को बेनकाब करते हुए बीजेपी छग में सरकार बनाएगी.

## सीएम ने श्रीकृष्ण बने बच्चे को गोद मे उठाकर फुड़वाई मटकी



रायपुर, 19 अगस्त 2022। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने श्रीकृष्ण बने बच्चे को गोद मे उठाकर मटकी फुड़वाई। इससे पहले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ÷कृष्ण कुंज÷ का लोकार्पण किया। भगवान श्री कृष्ण की पूजा-अर्चना की. साथ ही मुख्यमंत्री ने जन्माष्टमी के पर्व पर राजधानी के %कृष्ण-कुंज% में पौधरोपण किया। साथ ही कृष्ण कुंज में लगाया कदम्ब का पौधा। तेलीबांधा में बनाये गए कृष्ण कुंज के 1.68 हेक्टेयर में 383 पौधे रोपित किये। बरगद, पीपल, कदंब जैसे सांस्कृतिक महत्व के पौधे लगाए गए. कृष्ण कुंज में जीवनोपयोगी आम, इमली, बेर, गंगा इमली, जामुन, शहतूत, तेंदू ,चिरौंजी के पौधे लगाए। बता दें कि प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में 162 स्थानों के कृष्ण कुंज में पौधारोपण किया गया. वृक्षारोपण को जन-जन से जोड़ने, सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के लिए %कृष्ण-कुंज% नाम दिया गया.

## मुख्यमंत्री महतारी न्याय रथःमहिलाओं में जागरूकता लाने विशेष प्रयासःनायक

रायपुर 19 अगस्त 2022। छत्तीसगढ़ की महिलाओं को विधिक संरक्षण और अधिकारों के प्रति जागरूक करने 16 अगस्त से मुख्यमंत्री महतारी न्याय रथ शहर के विभिन्न स्थानों में भ्रमण कर रहा है। अभी तक रायपुर शहर में सरस्वती स्कूल पुरानी बस्ती, नयापारा, दानी गर्ल्स स्कूल, शालेम स्कूल, तेलीबांधा स्कूल, बीपी तिवारी स्कूल, मधु पिल्ले स्कूल, त्रिमूर्ति नगर चौक, जागृति नगर स्कूल पारा, खमतराई में भ्रमण कर लिया है।

आज नारी निकेतन, शासकीय बालिका गृह में भ्रमण किया। महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने कहा कि मुख्यमंत्री महतारी न्याय रथ में एलईडी स्क्रीन से लघु फिल्में दिखाई जा रही है। रथ के साथ अधिवक्तागण और आयोग के अधिकारी-कर्मचारी भी साथ रहते हैं। जिससे पीड़ित महिलाओं को तत्काल उनके शिकायत का निराकरण भी किया जा रहा है। आयोग की अध्यक्ष डॉ. नायक ने अवगत कराया कि



मुख्यमंत्री महतारी न्याय रथ महिला आयोग की गतिविधियों, महिलाओं के संवैधानिक एवं विधिक अधिकारों का संरक्षण, शासन की विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रम, प्रचार-प्रसार तथा महिलाओं के सशक्तिकरण एवं महिलाओं को न्याय दिलाने के उद्देश्य से प्रचार-प्रसार हेतु छत्तीसगढ़ राज्य के सभी जिलों में मुख्यमंत्री महतारी न्याय रथ तैयार किया गया है। जिससे प्रदेश के सभी जिलों के विकासखण्डों में आयोग की गतिविधियों का प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

## भूपेश ने किया'कृष्ण कुंज'का लोकार्पण,गाय को खिलाया गुड़-चना,शराब दुकान हटाने को लेकर दिए ये निर्देश

रायपुर, 19 अगस्त 2022। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जन्माष्टमी के अवसर पर राजधानी रायपुर के तेलीबांधा में 'कृष्ण कुंज' का लोकार्पण किया। इस दौरान सीएम ने कृष्ण कुंज में भगवान श्री कृष्ण की पूजा-अर्चना की. साथ ही कृष्ण कुंज में कदम्ब का पौधा भी लगाया।

इस खास मौके पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गाय को गुड़-चना खिलाया। और श्रीकृष्ण का रूप धरे बच्चों से मुलाकात की. इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने लोगों को कर्मवादी बनाने का उपदेश दिया। भगवान श्री





कृष्ण ने जिन बातों का उपदेश दिया, उन्हें स्वयं भी जीया। वे सही मायने में हमें जीवन जीने की कला सिखाते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि कृष्ण कुंज में धर्मिक महत्व के वृक्ष बरगद, पीपल, आंवला, कदम्ब के साथ-साथ औषधि के रूप में उपयोग हर्रा, नीम जैसे कई पेड़ लगाए जाएंगे। भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव पर आज ऐसे ही धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय महत्व के वृक्षों को सहेजने के लिए, उनसे निकटता बनाए रखने के लिए छत्तीसगढ़ में कृष्ण-कुंज योजना की शुरुआत की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कृष्ण कुंज के पास शराब दुकान हटाने कलेक्टर को निर्देश भी दिए.

## यात्री बस व कार के बीच भीषण टक्कर,5 की मौत

### गैस कटर से काटकर निकाले गए शव

जगदलपुर, 19 अगस्त 2022। छत्तीसगढ़ के बस्तर में नेशनल हाइवे नंबर 30 पर जगदलपुर में शुक्रवार तड़के बड़ा हादसा हो गया। यात्री बस व कार की आमने सामने से टक्कर में कार सवार पांच लोगों की मौत हो गई। हादसा इतना भयंकर था कि बस के सामने का पूरा कांच ही टूट गया और कार के तो परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद कार में शव बुरी तरह फंस गए थे। गैस कटर की मदद से कार की बॉड़ी को काटकर शवों को बाहर निकाला गया। घटना शुक्रवार तड़के 3330 बजे की बताई जा



रही ।मिली जानकारी के अनुसार पायल ट्रैवल्स की बस सीजी 07 ई 9922 जगदलपुर की ओर जा रही थी। सुबह करीब 3:30 बजे मेटावाड़ा पुल के पास जगदलपुर की ओर से आसना की ओर जा रही टाटा नेक्सान कार बस से सामने से भिड़ गई। बताया जा रहा है कि इस दौरान बस की रफ्तार भी ज्यादा थी और वहीं कार भी तेज रफ्तार से थी। टक्कर के बाद जोर के धमाके जैसी आवाज भी आई। हादसे के बाद कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।हादसे में कार सवार सभी की मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस को शवों को निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। बताया जा रहा है हादसे में चार युवकों की मौके पर मौत हो गई और एक युवक को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। वहीं बस में सवार यात्रियों को कुछ नुकसान नहीं हुआ। हादसे के बाद बस को वहीं छोड़कर बस चालक व हेल्पर फरार हो गए हैं। फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

### उपकार भवन में हुआ स्नेह मिलन कार्यक्रम

महासमुंद, 19 अगस्त 2022। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय उपकार भवन नयापारा महासमुंद में आजादी का अमृत महोत्सव एवं स्वतंत्रता दिवस पर स्नेह मिलन कार्यक्रम हुआ। विशेष रूप से आमंत्रित युवराज चंद्राकार (रिटायर्ड आर्मी ऑफिसर), रिता पांडे ( प्रोफेसर गवर्मेंट कालेज) उपस्थित रहे। ब्रम्हा कुमारी बहनों ने अतिथियों का पुष्प गुलदस्ते के साथ स्वागत किया। सेवा केंद्र प्रभारी प्रीति ने अतिथियों को तिलक लगाकर रक्षा सूत्र बांधा। बच्चों ने देशभक्ति गीतों में डांस किए। सुषमा ने एक मिनट का मौन रखकर देश के जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## प्रदेश संगठन स्तर पर बड़े बदलाव के लिए भाजपा फिर तैयार



### बृजमोहन और ओपी चौधरी को मिलेगी ये बड़ी जिम्मेदारी

रायपुर, 19 अगस्त 2022। छत्तीसगढ़ में भाजपा का केंद्रीय संगठन एक बार फिर बदलाव की तैयारी में है। इस दफा राष्ट्रीय नेताओं के रायपुर प्रवास के फौरी बाद ही दो अहम पदों के लिए क्षेत्रीय संगठन के आला औहदेदारों द्वारा नामों का एलान किया जायेगा।

पार्टी संगठन के लिए चुनाव अभियान समिति और भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पद के लायक नामों की तलाश पूरी हो चुकी है। बस दो नामों के लिए प्रदेश संगठन, क्षेत्रीय मंत्री और प्रदेश प्रभारी की सहमति के बाद औपचारिक घोषणा होगी। विधानसभा चुनाव को महज़ 14 महीने हैं और ऐसे में दो बड़े बदलाव के बाद संगठन चुनाव अभियान समिति का दारोमदार विधायक बृजमोहन अग्रवाल को सौंप सकता है। क्योंकि बृजमोहन का चुनावी प्रबंधन और उनकी अभियान रणनीति से सभी वाकिफ हैं।

वैसे भी नेताप्रतिपक्ष और संगठन प्रदेश अध्यक्ष पद की दौड़ से खुद को पहले ही अलग रखा था। अब उनके अनुभव और चुनाव अभियान की कुशलता के मद्देनज़र आगामी विधानसभा चुनाव के लिए गठित होने वाली अभियान समिति का जिम्मा मिलना तय है। इसी तरह भाजपा के लिए युवा मोर्चा किसी संजीवनी से काम नहीं ऐसे में नए भाजयुमो अध्यक्ष के लिए पूर्व आईएएस ओपी चौधरी का नाम सबसे आगे है। हालांकि युवा मोर्चा अध्यक्ष के लिए उम्र निर्धारित हैं पर पार्टी संगठन ने पूर्व में भी इस बंधन को तोड़कर उम्रदराज़ को भी इस पद पर बिठाया है।

पूर्व आईएएस ओपी चौधरी छत्तीसगढ़िया भी हैं, यूथ आइकॉन भी मने जाते रहे हैं और ओबीसी वर्ग से भी हैं। बता दें कि इस बार भाजपा प्रदेश में ओबीसी वर्ग को ज़्यादा तवज्जो भी दे रही है। प्रदेश अध्यक्ष और नेताप्रतिपक्ष में कुर्मी-तेली तो अब अघरिया समाज को ओपी चौधरी के जरिये साधने के मूड में है।

### सीएम हाउस घेराव के बाद हो सकता है बदलाव

भाजपा युवा मोर्चा 24 अगस्त को करेगा सीएम हाउस का घेराव, राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या शामिल होंगे। इसके लिए संगठन में भाजयुमों अध्यक्ष का जिम्मा सम्हाल चुके पूर्व और वर्तमान पदाधिकारियों को सफल बनाने का दारोमदार है। भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में बुधवार शाम को कोर ग्रुप की बैठक हुई। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री अमित शाह के दौरे को लेकर भी चर्चा हुई। इसके साथ ही 24 अगस्त को युवा मोर्चा के मुख्यमंत्री घेराव कार्यक्रम पर चर्चा हुई। इस कार्यक्रम में युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या पहुंच रहे हैं।




## कृष्ण जन्माष्टमी के दिन प्रदर्शनी देखने उमड़ी भीड़

**प्रदर्शनी में दिख रहा भूमकाल विद्रोह के जननायक गुण्डाधुर का योगदान**

**जनसम्पर्क विभाग द्वारा लगाई गई है आजादी के दीवानों पर केन्द्रित प्रदर्शनी**

रायपुर, 19 अगस्त 2022। जनसम्पर्क विभाग द्वारा लगाई गई है आजादी के दीवानों पर केन्द्रित प्रदर्शनीआजादी की 75वीं वर्षगांठ पर जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी में शहीद वीर नारायण सिंह, भूमकाल विद्रोह के जननायक गुण्डाधूर, छत्तीसगढ़ के मंगल पाण्डेय कहे जाने वाले हनुमान सिंह सहित अनेक आजादी के दिवानों के योगदान को प्रदर्शित किया गया है। स्थानीय टाउन हॉल में चल रही इस प्रदर्शनी में रोजाना स्कूली बच्चे और आमजन उत्साहपूर्वक छत्तीसगढ़ में देश की आजादी के आंदोलन में हिस्सा लेने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के बारे में जानकारी ले रहे हैं। प्रदर्शनी में प्रतिदिन क्वीज प्रतियोगिता भी आयोजित की जा रही है।

आजादी के दीवानों पर केन्द्रित प्रदर्शनीप्रदर्शनी के पांचवे दिन आम नागरिकों, युवाओं के साथ ही पी. जी. उमाठे शा. उ. मा. कन्या शाला शान्ति नगर, रायपुर के छात्राएं प्रदर्शनी का अवलोकन किया और इस प्रदर्शनी की सराहना की। स्कूली बच्चों ने बताया कि उन्हें छायाचित्र प्रदर्शनी के माध्यम से छत्तीसगढ़ में देश के आजादी के लिए चलाए गए आंदोलन के संबंध में रोचक और ज्ञानवर्धक जानकारी मिली। विशेष रूप से छत्तीसगढ़ के मंगल पांडेय कहे जाने वाले हनुमान सिंह की संघर्ष गाथा के बारे में पढ़ कर बच्चे उत्साहित हुए।

गुण्डाधूर का जन्म बस्तर के नेतानार नामक गाँव में हुआ था। वे धुरवा जनजाति के थे।गुण्डाधूर का जन्म बस्तर के नेतानार नामक गाँव में हुआ था। वे धुरवा जनजाति के थे। अंग्रेज सरकार ने वहाँ बैजनाथ पण्डा नाम के एक व्यक्ति को दीवान के पद पर नियुक्त किया था। दीवान बैजनाथ पण्डा आदिवासियों का शोषण करता और उन पर अत्याचार करता था। बस्तर के लोग त्रस्त थे।

# गणेशोत्सव में इस बार पीओपी से बनी मूर्तियों पर बैन,नदियों में विसर्जन की अनुमति नहीं

रायपुर, 19 अगस्त 2022। छत्तीसगढ़ में गणेशोत्सव पर्व धूमधाम से मनाया जाता है. इसे लेकर व्यापक तैयारियां की जाती हैं. हालाँकि इस बार गणेश उत्सव को लेकर सख्त निर्देश जारी किए गए हैं. मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने हर जिले के कलेक्टर को पत्र भेजकर निर्देशित किया है।

इस बार प्रतिमाओं और इनके विसर्जन को लेकर खुद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सभी कलेक्टरों को निर्देशित किया है। पूरे प्रदेश में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल और राज्य शासन के पर्यावरण से जुड़े मानकों के आधार पर प्रतिमाओं का विसर्जन और अन्य व्यवस्थाएं होंगी। मुख्यमंत्री की तरफ से कहा गया है कि किसी भी सूरत में नदियों में विसर्जन न हो इसका बंदोबस्त करना होगा।



### एक नजर नियमों पर

तीज, गणेश विसर्जन, दुर्गा पूजा, पितृ मोक्ष अमावस्या एवं अन्य त्योहारों के लिए सार्वजनिक आयोजनों हेतु तालाबों / घाटों पर साफ-सफाई की व्यवस्था, ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव, फॉगिंग, शुद्ध पेयजल आदि की समुचित व्यवस्था हो।

तालाबों / घाटों पर विसर्जन के पूर्व पूजन सामग्री को अलग-अलग कर उपयुक्त स्थल पर रखा जाए।

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशानुसार नदी में मूर्तियों का विसर्जन किसी भी परिस्थिति में न किया जाए, नदी के जल को दूषित होने से बचाया जाए। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशानुसार ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण रखने हेतु जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन से समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यक कार्यवाही करें ।

प्लास्टर ऑफ पेरिस तथा अन्य प्रतिबंधित सामग्री से बनी मूर्तियों के निर्माण को रोकने के लिए कार्रवाई हो।

आयोजन स्थलों के समीप यथा संभव मोबाइल मेडिकल यूनिट की व्यवस्था की जाए ।

मूर्ति विसर्जन के रूट का चयन न्यूनतम यातायात बाधा के आधार पर किया जाए।

आयोजन स्थलों पर प्रॉपर लाइटिंग हो।

शहर में आवारा मवेशियों को पकड़कर कांजी हाऊस में भेजा जाए, जिससे यातायात व्यवस्था सुगम बनी रहे ।

# बेटे ने अपनी मां के प्रेमी को दी खौफनाक सजा,पुलिस का खुलासा

धमतरी, 19 अगस्त 2022। जिले में अवैध संबंध के चलते एक युवक की लाठी से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मरने वाले युवक का एक महिला से अवैध संबंध था। जिसके कारण उस महिला का बेटा नाराज था। इसलिए उसने अपने साथियों के साथ मिलकर युवक की जान ले ली। इस मामले में पुलिस ने अब 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामला करेली बड़ी चौकी क्षेत्र का है।

15 अगस्त को नवागांव गांव में पैरी नदी किनारे एक युवक की लाश मिली थी। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू की थी। पुलिस ने युवक की पहचान राजिम के गेवरा नवापारा निवासी यशवंत देवांगन उर्फ बब्बन के रूप में की थी। इसके बाद शव का पीएम कराने के लिए भेजा गया था। शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में युवक की हत्या बात का सामने आई थी।



इधर, पुलिस की जांच में ये पता चला कि यशवंत का चौबे बांधा निवासी कुमारी बाई साहू के साथ पिछले 5 साल से अवैध संबंध था। इसी आधार पर पुलिस ने कुमारी बाई के बेटे निखिल साहू(20) को हिरासत में लिया था। हिरासत में लेने के बाद पूछताछ में ही उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पूछताछ में निखिल ने बताया कि यशवंत का मेरी मां के साथ अवैध संबंध था। इसलिए मैंने उसे मारने का प्लान बना लिया और अपने 2 साथी शंकर साहू ,लोचन साहू के साथ मिलकर उसकी हत्या कर दी। निखिल ने बताया कि मैंने उसे नवागांव के पास किसी बहाने से बुलाया था। इसके बाद हमने लाठी से पीट-पीटकर उसकी हत्या कर दी। शव को वहीं छोड़कर हम भाग निकले थे। पुलिस ने निखिल के ही निशानदेही पर उसके 2 साथियों को भी गिरफ्तार किया है।

# एक महिला की शिकायत पर थाना प्रभारी ने दो बार एक ही व्यक्ति पर छेड़छाड़ का मुकदमा किया दर्ज




- » पीड़ित व्यक्ति की शिकायत पर उक्त महिला के खिलाफ मनेन्द्रगढ़ थाना प्रभारी ने क्यों नहीं किया मुकदमा दर्ज?
- » मनेंद्रगढ़ थाना प्रभारी पर लगा राजनीतिक दबाव पर कार्यवाई करने का आरोप।
- » महिला अब तक कई लोगों पर छेड़छाड़ व दुष्कर्म का मामला करा चुकी पंजीबद्धःशिकायतकर्ता।
- » युवती परेशान करने के लिए जबरदस्ती थाने में दर्ज कराती है रिपोर्ट,शिकायतकर्ता।
- » मनेन्द्रगढ़ थाना की भर्राशाही आई सामने,पीड़ित व्यवसायी के विरूद्ध ही दर्ज किया मुकदमा।
- » मनेंद्रगढ़ थाना प्रभारी के कार्यवाही पर आखिर क्यों बार-बार होती है शिकायत?
- » क्या मनेंद्रगढ़ थाना प्रभारी मनेंद्रगढ़ थाना से तभी हटेंगे जब उनका मन करेगा?

-रवि सिंह-
**बैकुण्ठपुर 19 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।** कानून महिला हो या पुरुष ,अधिकारी हो या कर्मचारी सभी के लिए एक समान होता है, वहीं न्याय की दृष्टि से सभी को एक बराबर देखा जाता है, लेकिन एक थाना में बैठे थाना प्रभारी आखिर कानून व्यवस्था को ध्वस्त करने पर क्यों तुले हुए हैं? यह हम नहीं यह शिकायतकर्ता का कहना है शिकायतकर्ता की माने तो महिला के कहने पर कोरिया जिले के मनेन्द्रगढ़ थाना प्रभारी एक नहीं दो बार उसके खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर दिए पर उसकी शिकायत पर एक भी मामला उस महिला पर पंजीबद्ध नहीं किया गया, शिकायतकर्ता ने कहा कि महिला उसके घर आकर तांडव मचाती है घरवालों से बदतमीजी करती है गाली गलौज करती है जिसकी शिकायत उसने कई बार थाने में दी है पर उसकी शिकायत पर थाना प्रभारी ने कोई कार्यवाही नहीं की क्या महिलाओं के लिए ही सिर्फ शिकायत करने का अधिकार है? क्या पुरुष को कानून का सहारा लेने का अधिकार नहीं है? यह सवाल मनेंद्रगढ़ थाना प्रभारी की कार्यवाही से नजर आ रहा है, देश में महिलाओं को प्रधान माना गया है पर क्या इस वजह से महिलाएं जो चाहेंगी वही करेंगी, यह भी तो अधिकार कानून ने नहीं दिया है पर कुछ ऐसा ही व्यवसायी के साथ अभी तक घटते आ रहा है, इसकी वजह पीड़ित व्यवसायी महिला को नहीं थाना प्रभारी को मानता है क्योंकि वह निष्पक्ष जांच ना करते हुए राजनीतिक दबाव में महिला के आड़ में पीड़ित के ऊपर जबरदस्ती कार्यवाही कर रहे हैं, थाना प्रभारी एक, महिला भी एक और आरोपी भी एक पर महिला के शिकायत करने पर एक ही आरोपी पर एक ही थाने में अलग-अलग दो बार मामला एक ही धारा के तहत मामला पंजीबद्ध कर व्यक्ति को परेशान किया जा रहा है, जिसकी शिकायत शिकायतकर्ता ने पुलिस अधीक्षक सहित उच्च अधिकारियों से की गई है।

शिकायतकर्ता बतावदर सिंह कोहली साई बाबा तिराहा मनेन्द्रगढ़ निवासी ने शिकायत में लिखा की पिछले दिनों हुए एक घटनाक्रम में थाना मनेन्द्रगढ़ की मनमानी उजागर हुई है। मनेन्द्रगढ़ बस स्टैंड के होटल व्यवसायी द्वारा थाना मनेन्द्रगढ़ में एक युवती के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज करवाई गई। व्यवसायी ने लिखित आरोप लगाया कि एक युवती जबरन उसके आवास में घुस गई और उसकी माँ के साथ गाली गलौच मार पीट को अंजाम दिया। इसकी मौखिक सूचना व्यवसायी ने मोबाइल द्वारा थाना प्रभारी को दी। युवती यहीं नहीं रुकी शाम को उसके व्यवसायिक प्रतिष्ठान में दाखिल हुई और गाली गलौच मारपीट करते हुए गल्ले पर हाँथ साफ कर दिया। आहत व्यवसायी इसकी शिकायत दर्ज करवाने थाने पहुंचा युवती थाने में मौजूद थी। युवती ने थाने में ही दरोगा और पुलिस अधिकारियों के समक्ष व्यवसायी से मारपीट की तथा आवेदन फाड़ दिया। अब जानकारी के अनुसार युवती की शिकायत पर व्यवसायी के विरुद्ध ही मामला पंजीबद्ध कर दिया गया है। व्यवसायी का आरोप है कि युवती की शिकायत पर एक ही धारा के अंतर्गत एक वर्ष के भीतर दो मामले थाने द्वारा पंजीबद्ध किए गए हैं जबकि एक मामला पूर्व से ही माननीय न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। व्यवसायी का ये भी कहना है कि उन्होंने मनेन्द्रगढ़ थाने की मनमानी से पुलिस अधीक्षक और महानिरीक्षक को अवगत करवा दिया है। व्यवसायी का आरोप है कि  है कि युवती ने कई व्यक्तियों के खिलाफ इस तरह के मामले दर्ज करवा रखे हैं। युवती को राजनैतिक तथा एक जीएसटी सलाहकार का संरक्षण प्राप्त है जिनके संरक्षण में साजिशन इस तरह कार्यवाही को अंजाम देती है।

### मनेन्द्रगढ़ थाना प्रभारी पर एकपक्षीय कार्यवाही का आरोप

शिकायतकर्ता बलविंदर सिंह कोहली का आरोप है की स्थानीय महिला के विरुद्ध मनेन्द्रगढ़ की शिकायत दिनांक 06.02.2021 में तहत प्रार्थी के विरुद्ध थाना मनेन्द्रगढ़ द्वारा धारा 323, 506, 384 (आईपीसी) के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है। उक्त प्रकरण माननीय न्यायालय में विचाराधीन है, दिनांक 11.08.2022 को स्थनीय महिला प्रार्थी के आवास में आकर प्रार्थी की माता श्रीमती हरजित कौर के साथ गाली-गलौज मारपीट की गई जिसकी सूचना उसके द्वारा थाना प्रभारी को फोन से दी गई, दिनांक 13.08.2022 की शाम को पुन स्थानीय महिला प्रार्थी के होटल में पुनः आई तथा प्रार्थी के साथ मारपीट गाली-गलौज की जिसकी लिखित शिकायत थाने में प्रार्थी के द्वारा की गई। शिकायत करने के दौरान स्थनीय महिला द्वारा थाने में पुलिस कर्मियों के समक्ष माँ बहन की गाली-गलौज की तथा आवेदन की कॉपी फाड़ दी गई। उक्त महिला एक व्यक्ति के खिलाफ 376 और मो0 जावेद के खिलाफ दहेज प्रताडना की शिकायत भी कर चुकी है। उक्त महिला के खिलाफ 420 आरपीसी के तहत माननीय न्यायालय हाथरस के समक्ष विचाराधीन है। उक्त महिला द्वारा प्रार्थी से लगातार पैसे भी माँग की जाती है प्रताडित किया जाता है जिससे प्रार्थी मानसिक तौर पर प्रताडित व्यथित महसूस कर रहा है। यह है कि दिनांक 16.08. 2022 को स्थानीय महिला की शिकायत पर एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए थाना मनेन्द्रगढ़ में पुनः 354 आरपीसी के तहत प्रार्थी के विरूद्ध मामला पंजीबद्ध का दिया गया है। कानून द्वारा प्रदत्त महिला अधिकारों का लगातार दुरूपयोग किया जा रहा है और थाना मनेन्द्रगढ़ द्वारा बार-बार एकपक्षीय कार्यवाही से प्रार्थी मानसिक तौर पर पीड़ित प्रताडित महसुस कर रहा है।

### मुझे जेल भेज दिया गया था मेरे जमानत पर बाहर आने के बाद से मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रही है महिला

बलविंदर सिंह कोहली का कहना है की उक्त महिला के द्वारा मेरे प्रकरण में छेड़ छाड का मामला बनवाया गया था जिस पर मुझे जेल भेज दिया गया था, मैं जमानत पर बाहर आने के बाद मुझे मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रही है महिला की हरकत से पता चला है कि वह एक स्वछन्द महिला है उसके द्वारा दो विवाह किया गया है पहले पति को दहेज प्रथा घरेलू हिंसा का एवं दूसरे पति को अन्य एक प्रकरण में एफआईआर कर चुकी है जिसका प्रकरण मनेन्द्रगढ़ न्यायालय में चल रहा है, उक्त महिला आपराधिक प्रवित्ति कि महिला है जिस कारण से धोखाधड़ी का मामला उ.प्र. न्यायालय में चल रहा है, महिला होने का अनुचित प्रयोग लोगो पर करती है मुझे फसाने के लिए कहती है कि तुम्हे फसा दूंगी पुलिस मामला दर्ज करेगी मेरा काम एक फोन में हो जाता है, यह कहकर मुझे धमकी देती है पुलिस महिला कि ही सुनेगी इस तरह से झूठे प्रकरण में दर्ज करने कि धमकी देकर लगातार मानसिक प्रताड़ना दे रही है मुझे रात में फोन लगाती है जिसका डिटेल मेरे पास है, पैसे कि मांग करती है मैं भयभीत होकर एक बार 4 हजार रूपए बैंक के माध्यम से दिया हु और हमेशा झूठे केश में फसाने कि धमकी देती है, उससे तंग आकर एक सप्ताह पूर्व मैने मन बना लिया था कि में थाने में उसकी रिपोर्ट कर के ही रहूँगा जैसे ही में थाने जा रहा था की उसको जानकारी लग गयी और मुझे रस्ते में रोक कर कहने लगी कि अगर तुम थाने में मेरी शिकायत या रिपोर्ट करोगे तो मैं तुम्हारे घर के सामने आकर मिट्टी का तेल डालकर आत्महत्या कर लुंगी, उस डर से में थाने नहीं गया और उसके बाद मेरे दुकान में आकर गन्दी-गन्दी गाली देने लगी और कहने लगी कि तुम थाने गया तो फिर से जेल जाने के लिए तैयार रहना, क्योंकि कि पुलिस सिर्फ महिलाओं कि सुनती है तुम अपनी सफाई देते देते थक जाओगे तुम्हारी कोई नहीं सुनेगा, लगातार झूठे प्रकरण में फसाये जाने गली गलौज पैसी कि मांग से मैं मानसिक रूप से बहुत प्रताड़ित हो गया हूँ, इसके पूर्व मेरी दुकान में उसके द्वारा तोड़ फोड़ भी की जा चुकी है जिसकी जानकारी मनेन्द्रगढ़ थाने को हैं मानसिक प्रताड़ना से तंग आ कर शिकायत कर रहा हूँ और उचित कार्यवाही चाहता हूँ।

अपनी स्वेक्षाचारिता के लिए प्रसिद्ध मनेंद्रगढ़ पुलिस थाना प्रभारी मनेंद्रगढ़ की लगातार शिकायतें सामने आती रहती हैं वह अपनी मनमानी के लिए भी खासे लोकप्रिय हैं,थाना प्रभारी को मनेंद्रगढ़ पुलिस थाने का प्रभार सम्हालते दो वर्ष से ज्यादा का समय हो गया है और अब यह कहा भी जाने लगा है कि वह तभी यहां से हटेंगे जब उनकी स्वयं की इक्षा होगी क्योंकि उनकी पहुंच और पकड़ काफी उपर तक है।

# ठेकेदार कर रहा है करोड़ों की लागत की सड़क का निर्माण कार्य,बिना अनुबंध एवं मापदंड के

- » लोक निर्माण विभाग के अधिकारी ठेकेदार के हाथो की कठपुतली है नहीं उठाते हैं फोन
- » लोक निर्माण विभाग के अधिकारी पर ठेकेदार हमेशा रहता है भारी।
- » ठेकेदार के द्वारा निर्माण कार्य को मनमाने तरीके से कराया जा रहा गुडघेला नाला से सिंघत पहुंच मार्ग का नव निर्माण कार्य में गुणवत्ताहीन सामग्री का उपयोग।
- » लोक निर्माण विभाग के अधिकारी ठेकेदार के हाथो कि कठपुतली बन कर  बैठे हैं नहीं करते है सडक निर्माण कार्य की जांच
- » लोक निर्माण विभाग के राज्य मंत्री एवं सी जी इनफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कापोरेशन के प्रबंध संचालक सारांश मितर ने जिले में सडक निर्माण कार्यो का निरीक्षण कर समय सीमा में काम पूरा नहीं होने पर लगेगी पेनल्टी गुणवत्ता पूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने के कडे  निर्देश के बाद भी सड़क निर्माण कार्य धड़ल्ले से गुणवत्ता विहीन निर्माण किया जा रहा है।
- » सडक निर्माण कार्य में ठेकेदार के द्वारा किसी प्रकार का कोई बोर्ड नहीं लगाया गया है जो अधिकारीयों के निरीक्षण पर प्रश्न चिन्ह लगा रहा है अधिकारी करते हैं निरीक्षण का दावा।

-राजेन्द्र कुमार शर्मा-
**खड़गवां, 19 अगस्त 2022(घटती-घटना)।** लोक निर्माण विभाग संभाग कोरिया छत्तीसगढ़ के द्वारा गुडघेला नाला से सिंघत पहुंच सडक निर्माण कार्य की लागत 236.48 लाख रूपए है और कार्यरत एजेंसी मेमर्स आयुष फलाई ऐश ब्रिक्स इण्डसटी  देवाडाड के द्वारा  करोडो रुपए की लागत से गुडघेला नाला  से सिंघत पहुंच सड़क नवनिर्माण एवं उन्नयन के कार्य मे नियोजित ठेकेदार द्वारा जमकर मनमानी बरती जा रही है।

सड़क निर्माण के इस कार्य मे पुल-पुलिया निर्माण के दौरान भी गुणवत्ताहीन निर्माण सामाग्री का उपयोग करते हुए कार्य को अंजाम दिया गया है। और अब सडक जो गुडघेला नाला से सिंघत पहुंच मार्ग होते हुए  दुग्गी पटमा को जोड़ने वाले उक्त सड़क मार्ग का नवनिर्माण व उन्नयन कार्य का ठेका सथानीय ठेकेदार को मिला है।

ठेकेदार की मनमानी के कारण सडक निर्माण कार्य बिना डब्लू एम एम प्लांट के इस सडक का निर्माण कार्य लगभग 40 फीसदी कार्य ही पूर्ण हो गया है। जे एस बी की दूसरी लेयर के निर्माण कार्य में 40 एम एम कि गिट्टी को सडक पर बिछा कर उसके ऊपर से डस्ट और 12 एम एम की बजरी



को छिटा जा रहा है इस करोड़ों की लागत की सडक ठेकेदार एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की साठगांठ के कारण भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही है विभाग के अधिकारी सिर्फ सडक निर्माण कार्य की निरीक्षण में खानापूर्ति कर रहे है और ठेकेदार सथानीय होने का पूरा फायदा उठा कर गुणवत्ता विहिन सडक का निर्माण कार्य कर रहा है।

लोक निर्माण विभाग के देखरेख में हो रहे निर्माण कार्य को जिसका मौके पे जाकर जांच करने पर सारी सच्चाई सामने आ जाएगी। लेकिन ऐसा नही हो पा रहा है, जिससे होने वाले कार्य की मजबूती पर प्रश्नचिन्ह लग रहा है। जबकि इस कार्य का देखरेख करने वाले संबंधित अधिकारी ठेकेदार के हाथों की कठपुतली बन उनके इशारे पर नाचते नजर आते है, तो वही क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले जनप्रतिनियों के पास भी इतनी फुर्सत नही कि किस कदर कार्य कराया जा रहा है, उसका मौके पर जाकर निरीक्षण कर सके।

इस संबंध मे लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर जिनके द्वारा सडक निर्माण कार्य की देखरेख में हो रहा है के एस लोध. के मोबाइल नंबर 8770239843 से फोन पर संपर्क करने पर फोन रिसिव नहीं किया गया और फोन को व्यसथ टोन मे डाल दिया गया अधिकारी जानकारी नहीं देने का बहाना कर रहे है।

इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के कार्य पालन अभियंता ए आर मरकाम के मोबाइल नंबर 9425523338 पर भी जानकारी के लिए संपर्क करने कोशिश की इनहोंने भी फोन रिसिव नहीं किया गया।

# रेत के अवैध परिवहन पर खनिज विभाग की कार्रवाई अनवरत जारी

**दो वाहनों पर 1 लाख 15 हजार का जुर्माना,रेत के अवैध कारोबारियों में हड़कंप**

-ओमकार पाण्डेय-
**सूरजपुर, 19 अगस्त 2022(घटती-घटना)।** सूरजपुर खनिज विभाग की रेत के अवैध परिवहन पर कार्रवाई अनवरत जारी है जिला प्रशासन रेत के अवैध उत्खनन व परिवहन को लेकर कार्रवाई के सख्त निर्देश दिए हैं।कलेक्टर के निर्देश पर खनिज विभाग की टीम सुबह ही नहीं रात में भी सड़कों पर गशत कर रेत के अवैध परिवहन को रोकने सखूती दिखा रही है इसी तारतम्य में प्रतापपुर मार्ग पर देर शाम रेत का अवैध परिवहन कर रहे दो वाहनों को पकड़ा है और इनके ऊपर जुर्माने की कार्रवाई की गई है। विभाग ने दोनों वाहनों पर सवा लाख रुपए का जुर्माना निर्धारित किया है।



खनिज विभाग से मिली जानकारी के अनुसार प्रतापपुर मार्ग पर रेत के अवैध परिवहन को लेकर शिकायतें मिली थी जिस पर विभाग की टीम ने इस मार्ग पर गशत में तेजीपन दिखाना प्रारंभ किया तो दो ऐसे ट्रक पकड़ में आए जो रेत का अवैध परिवहन कर रहे थे विभाग ने दोनों वाहनों को पुलिस की मदद से पकड़ कर वाहन मालिकों पर करीब एक लाख पंद्रह हजार का जुर्माना तय किया और वाहनों को चंदोरा पुलिस के हवाले कर दिया है। खनिज अधिकारी संदीप नायक ने बताया कि विभाग रेत अवैध उत्खनन व परिवहन को लेकर बेहद गंभीर है जिला प्रशासन व पुलिस की मदद से लगातार कार्रवाई की जा रही है।बारिश के इस मौसम में रेत के उत्खनन पर पूर्णता प्रतिबंध लगा हुआ है ऐसे में सिर्फ भंडारण केंद्र से ही रेत का परिवहन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि नियम विरुद्ध रेत या अन्य खनिज संपदा की उत्खनन व परिवहन पर विभाग कार्रवाई के लिए तैयार रहता है। क्षेत्र में विभाग लगातार गस्त भी कर रही हैं और वाहनों की जांच पड़ताल की जा रही है, इसी तारतम्य में बुधवार को प्रतापपुर मार्ग पर दो वाहन ऐसे पकड़ाए हैं। जो रेत का अवैध परिवहन कर रहे थे जिन पर जुर्माने की कार्रवाई की गई है। दोनों वाहनों पर1,14,095/- जुर्माना तय किया गया है, यह कार्रवाई देर शाम की गई है। ज्ञात हो कि हाल ही में खनिज विभाग ने इससे पूर्व भी इसी मार्ग पर आधी रात को रेत के अवैध परिवहन करते दो वाहनों पर कार्रवाई की थी।

**न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-एक  बलरामपुर स्थान-रामानुजगंजः जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज छ.ग.**

समंस

(धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 के तहत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रदान किये जाने हेतु)

सक्सेशन प्रकरण क्रमांक-अपंजीयन
प्रोसेत क्रमांक-80/22
पेशी दिनांक 27/08/22

पक्षकार-पूनम रावत — आवेदिका
विरूद्ध
आम जनता — अनावेकगण

प्रति,
आम जनता

आवेदिका श्रीमती पूनम रावत पति स्व0 दिनेश चंद्र रावत पिता स्व0 श्री महेन्द्र सिंह रावत आयु लगभग 48 वर्ष, निवासी ग्राम चकवाबुजुर्ग विकास खण्ड बसरेहर तहसील व जिला इटावा उ0प्र0 वर्तमान पता 236 वी फेन्टस कॉलोनी लौहिया ट्रेट रोड अमर टेंट हाउस के पास इटावा जिला इटावा (उ0प्र0)ने इस आशय का आवेदन पत्र पेश लिया है कि आवेदिका श्रीमती पूनम रावत का विवाह स्व0 श्री दिनेश चंद्र से दिनांक 24-11-2016 को हिन्दू रीति-रिवाज से सम्पन्न हुआ था जो कि उसकी वैध द्वितीय व्याहता पत्नी हुई। स्व0 श्री दिनेश चंद्र रावत पिता स्व0 श्री महेन्द्र सिंह रावत जनपंत पंचायत बलरामपुर जिला बलरामपुर सहायक ग्रेड-3 के पद पर कार्यरत थे जिनका आकस्मिक निधन दिनांक 20-10-2019 को हो गया था जिनके स्थापन्न नियुक्ति पाने हेतु आवेदिका को उत्तराधिकार के समक्ष आवेदिका ने आवेदन पत्र पेश किया।

अतः आम जनता को इस समंस के जरिये सूचित किया जाता है कि आवेदिका द्वारा प्रस्तुत इस आवेदन के संबंध में आप में से किसी का भी कुछ कहना है या अपना पक्ष रखना है तो आप आगामी नियत तिथि 27-08-22 को 11:00 बजे तक न्यायालय के समक्ष स्वयं या अवयस्क होने की दशा में अपने बली के माध्यम से या अपने अधिवक्ता या ऐसे किसी व्यक्ति के माध्यम से उपस्थित हो सकते है जिसे की अपनी ओर से उपस्थित हो कर अपना पक्ष रखने हेतु विधिवत अधिकृत किया है व उन्हें अपना पक्ष रखने हेतु समस्त तथ्यों से अवगत करा दिया है। उपरोक्त नियत तिथि व समय पर अनुपस्थिति  रहने की दशा में आपको विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही सुनवाई की जा सकेगी यदि उक्त नियत तिथि को अवकाश शोधित हो जाता है या मैं अवकाश पर चले जाता हूँ तो इस प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस पर की जावेगी।

न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक 8-8-22 को जारी।

**व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1 बलरामपुर स्थान- रामानुजगंज जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)**

सील

# बृहस्पत सिंह ने कदम्ब का पौधा लगाकर किया कृष्ण कुंज का लोकार्पण



### शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों को सहायक शिक्षक व भृत्य के पदों पर मिली नियुक्ति

**बलरामपुर 19 अगस्त 2022(घटती-घटना)।** वन वाटिका परिसर रामानुजगंज में लगभग 1 एकड़ क्षेत्र में निर्मित कृष्ण कुंज का आज श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर सरगुजा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं रामानुजगंज विधायक श्री बृहस्पत सिंह ने वृक्षारोपण कर लोकार्पण किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री विजय दयाराम के., वनमण्डलाधिकारी विवेकानन्द झा, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती रीता यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स श्री प्रशान्त कतलम, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री गौतम सिंह, अनुविभागीय वन श्री आर.एस. श्रीवास्तव, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री दीपक एक्का, नगर पंचायत रामानुजगंज के उपाध्यक्ष श्री बजरंग गुप्ता, पार्षद श्री अशोक जायसवाल, एल्डरमैन विकास गुप्ता एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक तथा जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी, ग्रामीणजन, स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# खादी ग्राम उद्योग का जागरूकता शिविर बैंक ऋण की दी गई जानकारी

-नगर संवाददाता-
**बैकुण्ठपुर ,19 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।** खादी और ग्रामोद्योग आयोग रायपुर के द्वारा विगत दिवस कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के मानस भवन में जिला स्तरीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शहर के अलावा ग्रामीण अंचल पर भी अनेक युवाओं ने शिरकत की इस दौरान रिजवान अहमद जिला समन्वयक अधिकारी सरगुजा संभाग में बताया कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के अंतर्गत 50 लाख तक का ऋण बैंक के माध्यम से उद्योग आदि के लिए दिया जा रहा है इस ऋण में 35प्रतिशत तक का अनुदान भारत सरकार के माध्यम से दिया जाता है। उन्होंने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य युवाओं को इस काबिल बनाया जाए ताकि वह अन्य



बेरोजगार युवकों के लिए रोजगार सृजन कर सकें।

कार्यक्रम में सागर सिंह प्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, विकास कुमार गुप्ता जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, मुकुंद कुमार चौधरी प्रबंधक छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, अशोक परिहार सहायक संचालक खादी तथा ग्राम उद्योग बोर्ड, रानी गुप्ता आरसेटी, श्याम कुमार रेशम अधिकारी व पल्लवी कांग्रेस सेवादल सूरजपुर सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**विविध कार्य हेतु ई-निविदा सूचना**

**क्रम सं. (1): ई-निविदा संख्याः डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-58-22-23, दिनांक 12.08.2022**

**कार्य-** बिलासपुर मंडल के सहायक मंडल अभियंता/मनेन्द्रगढ़ के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत स्लीपर नवीनीकरण एवं अन्य ट्रैक कार्यों का निष्पादन। **निविदा मूल्य (रु): 3,64,99,163/-, अमानत राशि (रु): 3,32,500/-, कार्य पूर्णता की अवधिः** 12 माह, **निविदा जमा करने की आरंभ तिथिः** दिनांक 24.08.2022 के 11.00 बजे से। **निविदा जमा करने की अंतिम तिथिः** दिनांक 07.09.2022 के 11.00 बजे तक।

उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी https://www.ireps.gov.in. वेबसाइट पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-टेंडर के अलावा अन्य टेंडर स्वीकार नहीं की जाएगी।

*मंडल रेलवे प्रबंधक (अभि.)*
सीपीआर/10/187 *द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर*
South East Central Railway @secrail

R.O.no-51868



## पिस्टल निशानेबाज राहुल जाखड़ ने स्वर्ण पदक जीता

**चांगवन ,19 अगस्त 20212 ।** पिस्टल निशानेबाज राहुल जाखड़ ने विश्व निशानेबाजी पैरा खेल विश्व कप में स्वर्ण पदक जीता जबकि भारत ने शानदार शुरूआत करते हुए तीन पदक अपने नाम किये। जाखड़ ने पी3 मिश्रित 25 मीटर पिस्टल एसएच 1 फाइनल्स के शूटआफ में किम जुंगम को हराया। पूजा अग्रवाल ने 14 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता। पैरालम्पिक चैम्पियन अवनि लेखरा ने नयी व्हीलचेयर और नयी राइफल के साथ खेलते हुए रजत पदक अपने नाम किया। भारत के 14 निशानेबाज इस टूर्नामेंट में भाग ले रहे हैं।

# एशिया कप 2022 में टीम इंडिया की जीत के लिए फिल्म लाइगर के अभिनेताओं ने उठाया यह कदम

**नई दिल्ली ,19 अगस्त 20212 ।** एशिया कप 2022 शुरू होने में अब बस कुछ ही दिनों का समय बचा हुआ है। यह क्रिकेट टूर्नामेंट का 15वाँ संस्करण है। इस बार यह टूर्नामेंट संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में खेला जाना है, जिसका आगाज 27 अगस्त से होने जा रहा है। वहीं, भारत का पहला मुकाबला 28 अगस्त को पाकिस्तान से होगा। ऐसे में स्वदेशी सोशल मीडिया मंच, कू ऐप पर स्टार स्पोर्ट्स इंडिया ने एक पोस्ट शेयर की है, जिसमें टीम इंडिया को चीयर अप करने के लिए बहुचर्चित फिल्म लाइगर के मुख्य किरदार विजय देवरकोंडा और अनन्या पांडे ने अपने विचार रखे हैं। इसी के साथ टीम इंडिया को चीयर अप करने के लिए कू ऐप पर मैच की नई-पुरानी यादें साझा करने की गुहार लगाई है। अपनी आवाज़ में वीडियो पोस्ट करने के साथ ही कैप्शन में एक्टर्स द्वारा कहा गया है÷




इसके साथ ही एक्टर्स ने अनुरोध किया है कि 25 अगस्त 2022 को बड़े पर्दे पर रिलीज़ हो रही फिल्म लाइगर को देखना न भूलें। खास बात यह है कि फिल्म के रिलीज़ होने और एशिया कप के शुरू होने में महज़ दो ही दिनों का अंतर है। जहाँ एक तरफ फिल्म के प्रमोशन का सिलसिला जोरों पर है, वहीं दूसरी तरफ टूर्नामेंट के लिए एशियाई क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) शेड्यूल जारी कर चुकी है। टूर्नामेंट का आयोजन 27 अगस्त से 11 सितंबर तक किया जाएगा। वहीं, भारत का पहला मैच 28 अगस्त को पाकिस्तान के खिलाफ होगा। भारतीय टीम ने टूर्नामेंट के लिए 15 सदस्य टीम का ऐलान कर दिया है।

बताते चलें कि एशिया कप 2022 में 6 टीमें हिस्सा लेगी, जिसमें भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका और अफगानिस्तान शामिल हैं। वहीं, एक टीम क्वालीफायर राउंड के जरिए हिस्सा लेगी। क्वालीफायर 21 अगस्त से शुरू होंगे, जिसमें संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), सिंगापुर, कुवैत और हॉन्गकॉन्ग की टीमों के बीच मुकाबले होंगे। टीमों को दो ग्रुप में बाँटा गया है, जिसमें ग्रुप-ए में भारत, पाकिस्तान और क्वालीफायर राउंड से आने वाली टीम शामिल होंगी। वहीं, ग्रुप-बी में बांग्लादेश, श्रीलंका और अफगानिस्तान की टीम को रखा गया है।

## 3 साल 9 महीने बाद क्रिकेट के मैदान पर वापसी करेंगे गौतम गंभीर

**नई दिल्ली ,19 अगस्त 20212 ।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर लीजेंड्स लीग क्रिकेट के दूसरे संस्करण में खेलने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। लीजेंड्स लीग क्रिकेट 17 सितंबर से शुरू हो रही है। गंभीर ने अपनी भागीदारी की पुष्टि करते हुए अपनी खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि क्रिकेट में वापसी करके उन्हें खुशी हो रही हैं। गौतम गंभीर, जो लोकसभा के सदस्य हैं, भारत महाराजा पक्ष के लिए खेलने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।



गंभीर ने कहा कि वह भारत महाराजाओं और विश्व दिग्गजों के बीच विशेष मैच के एक दिन बाद 17 सितंबर से एक्शन में उपलब्ध होंगे। भारत के पूर्व कप्तान और बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली इयोन मोर्गन के नेतृत्व वाले जायंट्स के खिलाफ विशेष मैच में महाराजाओं का नेतृत्व करेंगे क्योंकि लीजेंड्स लीग क्रिकेट कोलकाता के ईडन गार्डन में भारत की आजादी के 75 साल पूरे होने का जश्न मना रहा है। गंभीर ने एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि मैंने 17 सितंबर से आगामी लीजेंड्स लीग क्रिकेट में भाग लेने के लिए प्रतिबद्ध किया है। मैं एक बार फिर क्रिकेट के मैदान पर होने की प्रत्याशा में उत्साहित हूं। एक बार कंधे मिलाना मेरे लिए सौभाग्य और सम्मान की बात होगी।

गंभीर ने भारत के लिए 58 टेस्ट, 147 एकदिवसीय और 37 20 खेले, जिसमें उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 10,000 से अधिक रन बनाए। गंभीर ने 2007 में भारत की यादगार टी 20 विश्व कप जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज 2011 विश्व कप के फाइनल में शो के स्टार थे, जिसे भारत ने मुंबई में फाइनल में श्रीलंका को हराकर जीता था।

गंभीर इंडियन प्रीमियर लीग में भी एक प्रभावशाली खिलाड़ी थे, जिसने 2012 और 2014 में कोलकाता नाइट राइडर्स को खिताब दिलाया। गंभीर ने 2018 में क्रिकेट के सभी रूपों से संन्यास ले लिया। लीजेंड्स लीग क्रिकेट के सह-संस्थापक और सीईओ रमन रहेजा ने कहा, ÷2011 विश्व कप फाइनल में 97 रन जीतकर गौतम के मैच को कौन भूलेगा?÷ मुझे यकीन है कि प्रशंसक सीजन 2 में गौतम और अन्य प्रतिष्ठित खिलाड़ियों से उसी नर्वस प्रदर्शन का अनुभव करने की उम्मीद कर रहे होंगे।÷

# जिम्बाब्वे के खिलाफ शानदार जीत के बाद कप्तान राहुल की नजरें दूसरे वनडे में बल्लेबाजी के अभ्यास पर

**हरारे ,19 अगस्त 20212 ।** जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे एक दिवसीय क्रिकेट मैच में भारतीय टीम शनिवार को उतरेगी तो कप्तान केएल राहुल यही उम्मीद कर रहे होंगे कि उन्हें बल्लेबाजी का जरूरी अभ्यास मिल सके। दोनों टीमों के प्रदर्शन में इतना अंतर है कि यह श्रृंखला पूरी तरह से एकतरफा हो गई है। भारतीय टीम का लक्ष्य टॉस जीतने पर पहले बल्लेबाजी का होगा ताकि बल्लेबाजी के लिये समय मिल सके। उछालभरी पिच और तेज हवाओं से बल्लेबाजों के लिये चुनौती आसान नहीं होगी।

जिम्बाब्वे के पास जिम्मी एंडरसन और जोश हेजलवुड जैसे गेंदबाज नहीं हैं लेकिन हालात से पार पाना भारतीय टीम के लिये चुनौतीपूर्ण होगा। दीपक चाहर ने पहले मैच के बाद कहा था कि दूसरे सत्र में गेंदबाजों को खास मदद नहीं मिल सकी है लेकिन पहले घंटे का खेल बल्लेबाजों के लिये आसान नहीं था। एशिया कप में शाहीन शाह अफरीदी जैसे गेंदबाजों को खेलने से पहले भारतीय टीम के लिये बल्लेबाजी अभ्यास जरूरी है।



पहले मैच में शिखर धवन और शुभमन गिल से पारी की शुरूआत जारी रखने वाले कप्तान राहुल ने नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया लेकिन अब एशिया कप से पहले बल्लेबाज राहुल को भी रंगत में लौटना होगा। उन्हें पहली ही गेंद से आक्रमण की भारत की रणनीति को तुरंत अपनाना होगा। जिम्बाब्वे जैसी कमजोर टीम के खिलाफ राहुल के लिये यह सुनहरा मौका है। वहीं दीपक हुड्डा को अगर बल्लेबाजी क्रम में ऊपर उतारा जाये तो उनका आत्मविश्वास बढेगा। संजू सैमसन अगर चौथे नंबर पर उतरते हैं तो पारी के सूत्रधार की भूमिका निभा सकते हैं। कार्यवाहक कोच वीवीएस लक्ष्मण की नजरें पहले श्रृंखला जीतने और उसके बाद टीम संयोजन में प्रयोग पर होगी। धवन की बाजू में लगी चोट अगर गंभीर होती है तो ईशान किशन और राहुल का बायां दायां संयोजन पारी की शुरूआत के लिये उम्दा होगा। दीपक चाहर ने लगातार सात ओवर फेंके जो अच्छा संकेत है कि वह कार्यभार प्रबंधन में कामयाब हो रहे हैं। प्रसिद्ध कृष्णा भी विविधतायें लाना चाहेंगे जबकि मोहम्मद सिराज की नजरें विकेट लेने पर लगी होंगी।

**टीमें : भारत :** के एल राहुल (कप्तान), शिखर धवन , रूतुराज गायकवाड़, शुभमन गिल, दीपक हुड्डा, राहुल त्रिपाठी, ईशान किशन, संजू सैमसन, शार्दुल ठाकुर, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, आवेश खान, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज, दीपक चाहर, शाहबाज अहमद। **जिम्बाब्वे:** रेजिस चकाबवा (कप्तान), रियान बर्ल, तनाका चिवांगा, ब्राडले इवांस, ल्यूक जोंगवे, इनोसेंट केइया, टी कैतानो, क्लाइव माडांडे, वेसली एम, टी मारूमानी, जान मसारा, टोनी मुनियोंगा, रिचर्ड एंगारावा, विक्टर एन, सिकंदर रजा, मिल्टन शुम्बा, डोनाल्ड तिरिपानो। मैच का समय ÷ दोपहर 12 . 45 से।

## प्रभास ने कार्तिकेय 2 की ब्लॉकबस्टर सफलता के लिए टीम को दी बधाई



सुपरस्टार प्रभास ने चंदू मोंडेती द्वारा निर्देशित और निखिल सिद्धार्थ -अनुपमा परमेश्वरन द्वारा अभिनीत कार्तिकेय 2 की यूनिट को ब्लॉकबस्टर सफलता के लिए बधाई दी है। इंस्टाग्राम पर प्रभास ने कहा, अभिनेता निखिल, अनुपमा परमेश्वरन, अनुपम खेर, निर्देशक चंदू मोंडेती और कार्तिकेय 2 की पूरी टीम को उनकी ब्लॉकबस्टर सफलता के लिए बधाई।

इस पर प्रतिक्रिया देते हुए निखिल सिद्धार्थ ने कहा, प्रभास भाई शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद। कार्तिकेय 2 की टीम हम आपके संदेश से अभिभूत हैं।पूरे भारत में रिलीज हुई इस फिल्म को लेकर पहले से ही कई सारी खबरें सामने आ रही थी, फिल्म ने हिंदी बाजार में भी अच्छा प्रदर्शन किया है, जिससे कई लोगों को हैरानी हुई है।

जहां शनिवार को फिल्म के हिंदी में 157 शो थे, वहीं रविवार को यह संख्या बढ़कर 245 हो गई। सोमवार तक हिंदी में शो बढ़कर 274 हो गए। प्रतिष्ठित ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने बताया कि, वर्ड ऑफ माउथ पब्लिसिटी की बदौलत फिल्म ने उल्लेखनीय वृद्धि देखी है।

फिल्म के हिंदी संस्करण ने शनिवार को जहां सात लाख रुपये कमाए, वहीं रविवार को इसने 28 लाख रुपये कमाए और सोमवार को यह संख्या बढ़कर 1.10 करोड़ रुपये हो गई।

## पिंक क्वीन प्रांजल दहिया के ठुमके कर देते हैं दीवाना,सपना चौधरी भी पड़ रहीं फीकी

इन दिनों हरियाणवी गानों का क्रेज तेजी से बढ़ रहा है, वहीं गुलाबी क्वीन के नाम से मशहूर प्रांजल दहिया के ग्लैमर और ठुमकों ने सपना चौधरी को भी फीका कर दिया है. 52 गज का दामन गाने से फेमस हुई प्रांजल दाहिया अपनी स्टाइलिस्ट और क्यूट अंदाज से लाखों लोगों को दीवाना बना रही हैं.

एक समय था जब हरियाणवी गानों में सपना चौधरी के डांस और ठुमके मशहूर हुआ करते थें. लेकिन कुछ ही सालों में हरियाणा की स्टाइलिस्ट मॉडल और सिंगर प्रांजल दहिया ने उनको पीछे छोड़ दिया है. पिंक क्वीन के नाम से मशहूर प्रांजल दाहिया के सोशल मीडिया में फॉलोवर्स काफी तेजी से बढ़ रहें हैं. इसके साथ ही उनके गानों की धुन पर हरियाणा ही नहीं बल्कि पूरा देश झूम रहा है.

गुलाबी क्वीन प्रांजल दहिया अभी 21 साल की हैं. उनका जन्म 5 मई 2001 को सोनीपत में हुआ था. प्रांजल के पिता का नाम शशि दहिया है, जो पेशे से सरकारी कर्मचारी थें. 2021 में प्रांजल ने अपनी हाउसवाइफ मां को खो दिया था.वे बेहद कम समय में काफी मशहूर हो गई. टिक-टॉक से फेमस हुई प्रांजल दहिया कई हरियाणवी गानों में नजर आ चुकी हैं. हाल ही में उनका गाना बालम थानेदार



रिलीज हुआ है, जो लोगों को काफी पसंद आ रहा है. इस गाने में उनकी क्यूटनेस देखते ही बन रही है, स्टाइलिस्ट अंदाज के साथ प्रांजल इस गाने में लोगों का दिल जीत रही हैं. इसी वजह से अब इंटरनेट में प्रांजल दहिया की सर्चिंग काफी बढ़ गई है, वहीं सोशल मीडिया में भी उनके फॉलोवर तेजी से बढ़ रहें हैं. प्रांजल के लुक और गाने को लोग सोशल मीडिया में रील्स बनाकर शेयर कर रहें हैं. अब प्रांजल दहिया हरियाणा की नई क्वीन बन गई हैं. बेहद कम उम्र और कम समय में उन्होंने हरियाणा इंडस्ट्री में ये मुकाम हासिल किया है. उनके गानों को करोड़ों व्यूज मिल रहें हैं. वे सोशल मीडिया में भी काफी एक्टिव रहती हैं. खुद की तस्वीरें और गानों के रील्स बनाकर फैंस के साथ शेयर करती हैं और फैंस भी उनकी क्यूट सी अदाओं के दीवाने हो जाते हैं. क्यूटनेस में बॉलीवुड एक्ट्रेसेस से कम नहीं प्रांजल दहिया अपने स्कूल करियर से ही टिक टॉक पर वीडियो बनाती आ रही हैं और वहीं से वे काफी लोकप्रिय हो गई. इसके बाद उन्होंने हरियाणा इंडस्ट्री में कदम रखा और अब वे हरियाणा की जान बन चुकी हैं. उनकी क्यूटनेस और स्टाइल ऐसी है, जिसके सामने बॉलीवुड एक्ट्रेसेस भी मात खा जाएं.

## हैश टैग-एके61 के लिए अराक्कू घाटी में शूटिंग करेंगे अजित कुमार



अगर इंडस्ट्री में चल रही अफवाहों पर विश्वास किया जाए, तो अभिनेता अजित कुमार अपनी आगामी हाइस्ट थ्रिलर के लिए विजाग की सुंदर अरक्कू घाटी में अगली शूटिंग करने वाले हैं, जिसे एच विनोथ द्वारा निर्देशित किया जा रहा है।

खास बात यह है कि अजित एक हफ्ते तक अरक्कू वैली में फिल्म के क्लाइमेक्स की शूटिंग करेंगे। फिल्म, जिसे अस्थायी रूप से हैशटैग-एके61 के रूप में संदर्भित किया जा रहा है, में एक प्लॉट है जो एक बैंक डकैती के इर्द-गिर्द घूमता है।

यूनिट ने हैदराबाद में चेन्नई के लोकप्रिय लैंडमार्क माउंट रोड जैसा एक विशाल सेट बनाया था, जहां फिल्म के कुछ महत्वपूर्ण दृश्यों को इसके पिछले शेड्यूल में शूट किया गया था। अफवाहें बताती हैं कि अजित, जिन्होंने हाल ही में यूरोप में एक सवारी अभियान पर जाकर शूटिंग से ब्रेक लेने का फैसला किया और फिर शूटिंग प्रतियोगिता में भाग लेने के बाद शूटिंग के लिए तरोताजा और उत्सुक हैं।

फिल्म का आखिरी शेड्यूल अभी खत्म नहीं हुआ है। एक बार फिल्म हो जाने के बाद, अजित के अपने अगले प्रोजेक्ट पर जाने की उम्मीद है, जिसे विग्नेश शिवन द्वारा निर्देशित किया जाना है।













## सेलेस्टी बैरागी ने रज्जो के लिए सीखा तांडव



रज्जो की अभिनेत्री सेलेस्टी बैरागी इन दिनों शो के एक सीक्वेंस के लिए शिव तांडव सीखने में व्यस्त हैं। हालांकि अभिनेत्री को डांस करने का शौक है, लेकिन तांडव करना, जिसमें इतनी ऊर्जा और तेज डांस मूव्स की जरूरत होती है, उसके लिए काफी चुनौतीपूर्ण होता है।वह कहती है, विद्युत शिव तांडव करना वाकई बहुत मंत्रमुग्ध करने वाला था। मुझे नृत्य करना पसंद है और इसका भरपूर आनंद भी मिलता है, लेकिन कभी भी इस पर इतनी सख्ती से हाथ नहीं आजमाया।असम की रहने वाली अभिनेत्री शो में मुख्य भूमिका निभाती नजर आएंगी। यह एक युवा और ऊजार्वान लड़की रज्जो (सेलेस्टी द्वारा अभिनीत) की कहानी है, जो एक एथलीट बनना चाहती है और कैसे वह अपने सपनों को पूरा करने के लिए बाधाओं से लड़ती है। सेलेस्टी कहती हैं, जब मैंने सुना कि मुझे शिव तांडव करना है तो मैं बहुत उत्साहित थी। यह वास्तव में मेरे लिए बहुत खास था। यह कठिन था लेकिन भगवान शिव के आशीर्वाद से, मैं इसे करने में कामयाब रही। आशा है कि दर्शक इसे पसंद करेंगे।रज्जो का प्रसारण 22 अगस्त से स्टार प्लस पर शुरू होगा।

CMYK

"भारत एक पुराना देश है लेकिन एक युवा राष्ट्र है। मैं युवा हूं और मेरा भी एक सपना है। मैं मजबूत भारत का सपना देखता हूं। मैं स्वतंत्र, आत्मनिर्भर और मानव जाति की सेवा में दुनिया के राष्ट्रों में सबसे आगे भारत का सपना देखता हूं"

- राजीव गांधी

20 अगस्त
पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न
स्व. राजीव गांधी जी
की जयंती 'सद्भावना दिवस' पर सादर नमन



युवा, मजदूर और किसान
सबका ध्यान, सबका मान

राजीव गांधी किसान न्याय योजना

26.21 लाख किसानों को खरीफ वर्ष 2021 की दूसरी किस्त का भुगतान

1745 करोड़ रुपए

योजना के प्रारंभ से अब तक राज्य के किसानों को 14,665 करोड़ रुपए की आदान सहायता राशि जारी



गोधन न्याय योजना

बदलती ग्रामीण अर्थव्यवस्था, गोबर से बरसे धन

पशुपालकों, ग्रामीणों, गौठान समितियों और महिला स्व-सहायता समूहों को 50 वीं किस्त का भुगतान

5.24 करोड़ रुपए

अब तक 335.24 करोड़ रुपए का भुगतान
3.50 लाख से अधिक हितग्राही लाभान्वित



श्री भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

संवाद 33562/67

राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना

भूमिहीन कृषि मजदूरों को सालाना 7,000 रुपये की आर्थिक सहायता

वर्ष 2022 - 2023 की प्रथम किश्त
कुल भुगतान 71.02 करोड़
3.55 लाख हितग्राही

राजीव युवा मितान क्लब

राज्य की युवाशक्ति से 'गढ़बो नवा छत्तीसगढ़' के ध्येय को साकार करना

13,269 राजीव युवा मितान क्लबों को प्रतिवर्ष 1 लाख रु की सहायता

सेवा-जतन-सरोकार, छत्तीसगढ़ सरकार

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)